सूर्योदय 6:41 सूर्यास्त 5:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.2 न्यू | 21.6 अधि |
| धर्मशाला | 13.0 न्यू | 24.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79496.15 |
| निफ्टी | 24141.30 |
| सोना 78,760 | चांदी 93,631 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 12 नवंबर 2024 | 27 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 326, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



राज्यपाल ने अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का किया शुभारंभ

पृष्ठ 3 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुप्रीम कोर्ट का रेवन्ना को जमानत देने से इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म और यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिका खारिज की और कहा कि रेवन्ना बहुत ही प्रभावशाली व्यक्ति हैं। रेवन्ना की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है और शुरुआती शिकायत में भारतीय दंड संहिता की धारा 376 नहीं थी।

### 40 हजार से अधिक लाइटों से जगमग होगा महाकुंभ

**प्रयागराज।** 2025 का महाकुंभ 40 हजार से ज्यादा लाइटों से जगमग होगा। इसके लिए योगी सरकार इस बार अनूठी पहल करने जा रही है। पहली बार पूरे मेला क्षेत्र को रोशन बनाए रखने के लिए 40 हजार से अधिक रिचार्जेबल लाइट्स (रिचार्जेबल बल्ब) का उपयोग किया जाएगा।

### 30 दिन की पैरोल पर बाहर आए आसाराम



**जोधपुर।** रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम सोमवार को जेल से बाहर आए। जोधपुर हाईकोर्ट ने सात नवंबर को आसाराम को इलाज के लिए 30 दिन की पैरोल दी थी। वह जोधपुर के भगत की कोठी स्थित निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में अपना इलाज करवाएंगे। आसाराम को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस दौरान आसाराम को देखने के लिए अस्पताल के बाहर उसके समर्थकों की भीड़ जुट गई।

### जापान की संसद ने शिगेरू इशिबा को फिर पीएम चुना



**टोक्यो।** जापान की संसद ने शिगेरू इशिबा को एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री चुना। इशिबा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को पिछले दिनों एक दशक से भी अधिक समय में अपनी सबसे बड़ी चुनावी हार का सामना करना पड़ा था, जिससे उन्हें शपथ लेने के लगभग एक महीने बाद ही दूसरी कैबिनेट के गठन के लिए मजबूर होना पड़ा था।

### आतंकी पन्नू ने दी श्रीराम मंदिर उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी कर अयोध्या में राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। साथ ही पन्नू ने कनाडा में भारतीय मूल के हिंदू सांसद चंद्र आर्य को भी धमकी दी है। पन्नू ने वीडियो जारी कर कहा कि 16 और 17 नवंबर को अयोध्या के राम मंदिर में हिंसा होगी। आतंकी पन्नू ने वीडियो में कहा कि हम हिंदुत्ववादी विचारधारा की जन्मस्थली अयोध्या की नींव हिला देंगे। वीडियो में पन्नू ने देश के कई हिंदू मंदिरों की तस्वीरें शामिल की हैं, जिनमें अयोध्या का राम मंदिर भी है।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- दियोटसिद्ध में बकरा कांड: प्रशासन ने निलंबित किए कनिष्ठ सहायक -पेज 3
- 196 साल बाद मंडी पहुंचे शृंगा ऋषि -पेज 9
- फर्जी गोलीकांड करवाने वाले आरोपी को कोर्ट से मिली जमानत -पेज 12
- झारखंड में घुसपैठियों की पहचान के लिए गठित होगी समिति: शाह -पेज 13
- भारत के इनकार पर आईसीसी से सफाई मांगेगा पाक क्रिकेट बोर्ड -पेज 14

# मां-बेटे के मिलन का प्रतीक रेणुका मेला शुरू, सीएम ने दिया देव पालकियों को कंधा

## गिरि नदी के तट पर देव पालकियों का स्वागत, दर्शनों के लिए उमड़ा जनसैलाब

**एसपी जैरथ, नाहन**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को मां-बेटे के मिलन के प्रतीक अंतरराष्ट्रीय पांच दिवसीय श्रीरेणुका जी मेला का शुभारंभ किया। परंपरा अनुसार, गिरि नदी के तट पर देव पालकियों का स्वागत किया गया। इसके बाद सीएम सुक्खू ने भगवान परशुराम की पालकी को कंधा देकर मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

गिरि नदी के तट पर पहुंची देव पालकियों के दर्शन के लिए लोगों का खूब सैलाब उमड़ा। शोभायात्रा जब गिरि नदी के तट से मंदिर परिसर के लिए रवाना हुई तो पूरा क्षेत्र मां रेणुका व भगवान परशुराम के जयकारों व ढोल-नगाड़ों की धुनों से गूंज उठा। (अनंत ज्ञान)



अंतरराष्ट्रीय श्रीरेणुका जी मेले का शुभारंभ और पूजा करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।



भगवान परशुराम की पालकी को कंधा देकर मेला स्थल ले जाते सीएम सुक्खू।

### भगवान परशुराम और माता रेणुका से लिया आशीर्वाद

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने अंतरराष्ट्रीय रेणुका मेले की प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के ये मेले और पौराणिक आयोजन दर्शाते हैं कि हिमाचल देवभूमि है। यहां शांत प्रिय लोग रहते हैं। उन्होंने भगवान परशुराम और माता रेणुका से प्रदेशवासियों की उन्नति के लिए आशीर्वाद लिया।

### जल्द शुरू होगा रेणुका बांध का निर्माण कार्य

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि रेणुका बांध का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। फॉरेस्ट क्लीयरेंस के चलते अभी निर्माण कार्य रुका हुआ है। वहीं, दशमी के दिन शुरू हुआ अंतरराष्ट्रीय श्रीरेणुका जी मेला आगामी 15 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान मंदिर परिसर में पहुंचीं देव पालकियों के लोग एक साथ यहां अगले 5 दिन तक दर्शन कर पाएंगे।

# रोहड़ू के सेरी गांव में भीषण अग्निकांड, चार घर राख

## फायर ब्रिगेड ने लोगों की मदद से आग पर पाया काबू, कई मकानों को जलने से बचाया

**दशमी रावत, रोहड़ू**

**शिमला** जिले के रोहड़ू उपमंडल के सेरी गांव में सोमवार सुबह भीषण अग्निकांड में चार घर जलकर राख हो गए। इस अग्निकांड में एक गाय और एक बछड़ा जल गया। वहीं, करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। यह अग्निकांड सोमवार तड़के 4.30 बजे हुआ।

आग लगने का पता चलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। गांववासियों ने इस घटना की सूचना दमकल विभाग को दी। विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। दमकल विभाग व पुलिस कर्मियों व ग्रामीणों ने मिलकर समय रहते आग पर काबू पा लिया और पूरे गांव में आग फैलने से रोक दिया, अन्यथा हादसा और भयंकर हो सकता था। इस अग्निकांड में कैलाश पुत्र शिवसरण, मोहन लाल पुत्र सोहन लाल और रोशन लाल पुत्र संसार दास के घर और रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड से करोड़ों रुपए का नुकसान होने का आकलन किया गया है। वहीं, रोशन लाल की गोशाला में बंधे गाय और बछड़ा जिंदा जल गए। अभी आग लगने के कारणों का कोई पता नहीं चल पाया है। इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)

**करोड़ों रुपए का नुकसान होने का आकलन**



समरकोट के सेरी गांव में घरों में लगी आग।

### प्रभावित परिवारों को 10-10 हजार रुपए राशन, बर्तन और तिरपाल दिए

**एसडीपीओ** रोहडू रविंद्र नेगी ने बताया कि अग्निकांड में चार घर पूरी तरह से जलकर राख हो गए हैं। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। एसडीएम रोहडू विजय वर्धन सारस्वत ने बताया कि प्रभावित परिवारों को फौरी राहत के तौर पर दस-दस हजार रुपए, राशन, बर्तन व तिरपाल दिए हैं। मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने सेरी गांव में मौके पर जाकर अग्निकांड से प्रभावित परिवारों से मिले और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

### संजौली मस्जिद केस

## लोकल रेजिडेंट ने दी पार्टी बनने की अर्जी

**शिमला।** शिमला की संजौली मस्जिद को गिराने के नगर निगम (एमसी) आयुक्त के आदेशों पर स्टे वाली याचिका पर जिला कोर्ट में सुनवाई हुई। संजौली मस्जिद के आसपास रहने वाले लोकल रेजिडेंट ने सोमवार को इस केस में पार्टी बनने के लिए एप्लिकेशन दी। अब मामला 14 नवंबर को सुना जाएगा। लोकल रेजिडेंट के एडवोकेट जगपाल ने कहा कि मुस्लिम वेलफेयर की याचिका पर सुनवाई हुई। वक्फ बोर्ड ने अदालत में अपना जवाब दे दिया है। हाईकोर्ट ने 21 अक्तूबर को आदेश दिया था कि जब-जब केस की सुनवाई होगी, तो लोकल रेजिडेंट को जरूर सुना जाएगा। इसी के तहत लोकल रेजिडेंट ने एप्लिकेशन दी है, ताकि उन्हें पक्ष रखने का मौका मिल पाए।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 11 उग्रवादी मार गिराए

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** के जिरिबाम जिले में सोमवार दोपहर करीब 2.30 बजे कुकी उग्रवादियों ने बोरोबेकेरा उपमंडल के जकुराडोर करोंग में मौजूद सीआरपीएफ चौकी पर हमला किया। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 11 उग्रवादियों को मार गिराया।

अधिकारियों के मुताबिक, एनकाउंटर के दौरान सीआरपीएफ के दो जवान घायल हुए हैं, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई गई है। दोनों का इलाज जारी है। उन्होंने कहा कि उग्रवादी सैनिकों जैसी वर्दी पहने थे। इनके बाद अत्याधुनिक हथियार और गोला-बारूद थे। उन्होंने कहा कि मृतक 11 उग्रवादियों के शवों को बरामद करके बोरोबेक्रा पुलिस स्टेशन में रखा गया है। हमले के दौरान इलाके के लोकल लोग यहां-वहां भाग गए थे। 5 लोग लापता हैं, जिन्हें उग्रवादियों के साथियों ने अगवा किया है।



**सीआरपीएफ चौकी पर पहुंचे थे हमला करने, दो जवान भी घायल, 5 स्थानीय लोग लापता**

# किश्तवाड़ में सेना के जवानों ने चलाया सर्च ऑपरेशन, जंगल में छिपे आतंकी

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के जंगलों में सुरक्षाबलों ने दूसरे दिन सोमवार को सर्च ऑपरेशन चलाया। तीन से चार आतंकी जंगल में छिपे हुए हैं। यह अभियान सेना के एक जवान के मुठभेड़ में शहीद होने के बाद शुरू किया था। क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और मुठभेड़ स्थल पर अतिरिक्त बल भेजा गया है। रविवार को सेना के नायब सूबेदार राकेश कुमार ने किश्तवाड़ जिले के एक मुठभेड़ में आतंकवादियों से लड़ते हुए अपनी जान गंवाई। व्हाइट नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग और सभी रैंक ने नायब सूबेदार राकेश कुमार की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित की। (अनंत ज्ञान)



# कुछ लोग देश को टुकड़ों में बांटना चाहते हैं: पीएम मोदी

## ऐसे लोगों के इरादों को समझने व एकजुट होकर हराने का किया आह्वान

**एजेंसी, अहमदाबाद**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि कुछ 'राष्ट्र विरोधी' लोग अपने निहित स्वार्थों के लिए समाज को बांटना चाहते हैं। उन्होंने लोगों से उनके इरादों की गंभीरता को समझने और उन्हें हराने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

मोदी ने गुजरात के खेड़ा जिले के वडताल में श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एकता और अखंडता महत्वपूर्ण है। पीएम ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों के बीच एकता और राष्ट्र की अखंडता महत्वपूर्ण है, लेकिन दुर्भाग्य से कुछ लोग अपने निहित स्वार्थों या संकीर्ण मानसिकता के चलते हमारे समाज को जाति, धर्म, भाषा, पुरुष-महिला, गांव-शहर के आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पहला महत्वपूर्ण कदम 'आत्मनिर्भरता' है।



# जस्टिस संजीव खन्ना बने भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश

## राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई पद की शपथ, प्रधानमंत्री मोदी ने दी शुभकामनाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**न्यायमूर्ति** संजीव खन्ना ने सोमवार को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति खन्ना को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति खन्ना ने ईश्वर के नाम पर, अंग्रेजी में शपथ ली।

14 मई, 1960 को जन्मे न्यायमूर्ति खन्ना छह महीने से कुछ अधिक समय तक भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य करेंगे और 65 वर्ष की आयु पूरी होने पर 13 मई, 2025 को सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

उन्होंने न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ का स्थान लिया है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 65 वर्ष की आयु पूरी होने पर रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के अलावा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व प्रधान न्यायाधीश जेएस खेहर मौजूद थे। न्यायमूर्ति खन्ना जनवरी 2019 से उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं। वह ईवीएम की शुचिता को बनाए रखने, चुनावी बांड योजना को खत्म करने, अनुच्छेद 370 को हटाने और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने जैसे कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य हस्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

**छह माह का होगा कार्यकाल 13 मई को होंगे रिटायर**



### हिमाचल के 5 जिलों में धुंध का येलो अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शीतलहर तेज होने लगी है। मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, चंबा के कुछ भागों में सुबह-शाम घना कोहरा छाए रहने से परेशानी बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने बिलासपुर और मंडी जिले में पांच दिन (15 नवंबर तक) सुबह और देर रात को घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 15-16 नवंबर को मौसम बिगड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, चंबा, कांगड़ा और लाहौल-स्पीति जिले की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हो सकती है। इन जिलों के निचले इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। प्रदेश में लंबे ड्राइव स्पेल की वजह से सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं। इसकी सबसे ज्यादा मार किसानों पर पड़ रही है।

**रिपोर्ट** लोगों की हत्या और बुनियादी ढांचे के विनाश को रोकने में रूस निभाएगा मध्यस्थ की भूमिका

# रूस रुकवाएगा इसराइल और हिजबुल्लाह के बीच युद्ध

**एजेंसी, यरूशलेम**

**इसराइल** और हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष में रूस मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। सीनियर रूसी अधिकारी ने इसराइली ब्रॉडकास्टर कान को बताया कि मॉस्को, इसराइल और हिजबुल्लाह के बीच समझौते को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए तैयार है। यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब इसराइली मीडिया के मुताबिक, यहूदी राष्ट्र के सामरिक मामलों के मंत्री रॉन डर्मर ने पिछले सप्ताह गुप्त रूप से रूस का दौरा किया। इस यात्रा को लेबनान में युद्ध विराम तक पहुंचने के इसराइल कोशिशों का हिस्सा बताया जा रहा है।

हालांकि, डर्मर के कार्यालय ने कहा कि उसे इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, सीनियर रूसी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर ब्रॉडकास्टर कान से कहा कि रूस किसी भी ऐसी चीज की मदद और समर्थन करने के लिए तैयार है, जो नागरिक आबादी की हत्या और नागरिक बुनियादी ढांचे के विनाश को रोकेगी। किसी भी समझौते में रूस की भागीदारी सीरिया के साथ मिलकर हिजबुल्लाह को हथियारों की तस्करी को रोकने और सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद पर ईरानी हथियारों को अपने क्षेत्र से गुजरने से रोकने के लिए दबाव डालने के लिए होगी। इसरायली सेना 23 सितंबर से लेबनान पर एयर स्ट्राइक कर रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा पर युद्ध शुरू होने के बाद से लेबनान में इसराइली हमलों में अब तक 3,189 लोग मारे गए हैं और 14,078 घायल हुए हैं।

**गाजा में अब तक 3,189 लोग मारे गए 14,078 घायल**

### ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से की बात, यूक्रेन में युद्ध न बढ़ाने को कहा



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की और यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने 70 से ज्यादा विश्व नेताओं से बात की है। इनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू शामिल हैं। 'वाशिंगटन पोस्ट' की एक विशेष रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने यूरोप महाद्वीप में शांति के लक्ष्य को लेकर चर्चा की और ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध के शीघ्र समाधान पर चर्चा करने के लिए आगामी बातचीत में शामिल होने में अपनी रुचि व्यक्त की। पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ट्रंप संभवतः रूस के आक्रमण के कारण यूक्रेन में फिर किसी नए संकट के साथ व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) में जाना नहीं चाहते हैं।

### कोई धर्म प्रदूषण फैलाने को बढ़ावा नहीं देता: सुप्रीम कोर्ट


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध को लागू करने में विफल रहने और केवल कच्चा माल जब्त करने के लिए दिल्ली पुलिस को कड़ी फटकार लगाई।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा कि दिल्ली में सालभर पटाखा बैन पर 25 नवंबर से पहले फैसला लें। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे प्रतिबंध आदेश से संबंधित सभी पक्षों को तुरंत सूचित करें।

- **पटाखों पर प्रतिबंध लगाने में विफल रही दिल्ली पुलिस को फटकार**
- **कहा- सरकार सालभर बैन करने पर ले फैसला**

## न्यूज ब्रीफ

### शानन प्रोजेक्ट पर हिमाचल का हक : शांता



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि मुझे इस बात का दुख हुआ कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शानन बिजली परियोजना के प्रश्न पर पजांब और हिमाचल के बीच निष्पक्ष रहने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और वह इस प्रश्न पर किसी प्रदेश का पक्ष नहीं लेंगे। मनोहर लाल खट्टर मेरे व्यक्ति गत मित्र है, हिमाचल प्रदेश के पार्टी प्रभारी है परंतु मैं अपने संबंध के कारण नहीं, न्याय के कारण उनसे हिमाचल के समर्थन की आशा कर रहा था। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर की शानन बिजली परियोजना हर दृष्टि से हिमाचल प्रदेश की है। 1966 के पंजाब पुर्नगठन कानून में स्पष्ट निर्देश था कि इस कानून के लागू होने के बाद सांझे पंजाब की जो संपत्ति जिस नए प्रदेश में होगी, वह उसी की मलकीयत होगी। लोकसभा के बनाए हुए इस कानून के मुताबिक 1966 में ही शानन बिजली परियोजना हिमाचल को मिलनी चाहिए थी। शांता कुमार ने कहा कि अंग्रेजों के समय मंडी रियासत के साथ जो लीज डील हुई थी, अब तो वह भी समाप्त हो गई है। मंडी अब रिसायत नहीं हिमाचल का हिस्सा है और अंग्रेज भी भारत से चले गए है। उनकी हुई लीज भी समाप्त हो गई है। इसलिए शानन बिजली परियोजना पर हिमाचल का अधिकार है। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर इस बात का उत्तर दें कि हिमाचल की धरती पर हिमाचल के पानी से जो बिजली पैदा होती है उस पर किसी अन्य का अधिकार किस कानून के अनुसार हो रहा है। छोटे से हिमाचल के साथ पिछले 58 वर्षों से यह भयंकर अन्याय हो रहा है। 200 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष के हिसाब से हिमाचल प्रदेश को हानि हो रही है।

### प्रदेश में व्यवस्था पतन का दौर : जयराम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी से जारी बयान में कहा कि सुक्खू सरकार के शासन में आने के बाद से ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली का भी बंटाधार हो गया है। इस समय प्रदेश के डिपुओं में तेल नहीं मिल रहा है। सरकार चाहती है कि प्रदेश भर के डिपुओं में मिलने वाला खाद्य तेल अब दो-तीन महीने 'विलंबित' होकर मिले। अखबारों में छपी खबरों से यह साफ है कि आने वाले महीनों में भी लोगों को डिपुओं से सस्ता तेल नहीं मिलने वाला है। कभी डिपुओं में मिलने वाली दालों की संख्या में कमी तो कभी मिलने वाले सामानों के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी ही इस सरकार की उपलब्धि है। सरकार के हर कृत्य की तरह ही यह कृत्य भी हास्यास्पद है। क्या सरकार यह बताएगी कि लोग आटा-चावल आज खाएंगे और तेल दो महीनें बाद खाएंगे। लगता है कि सरकार एक जन कल्याणकारी राज्य की तरह काम करने के बजाय लोगों पर एहसान कर रही है। जब मन आया तो कुछ दिया और जब मन आया तो सुविधाएं रोक ली, छीन ली अथवा 'विलंबित' कर दी। सरकार अनिवार्य सेवाओं की अहमियत समझे और हर हाल में उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करे। डिपुओं में मिलने वाले राशन पर प्रदेश के एक बड़े वर्ग की निर्भरता है। ऐसे में कभी तेल नहीं देना कभी दाल नहीं देना लोगों के साथ मजाक करने जैसा कृत्य है। इसलिए सरकार ऐसे मामलों में संवेदनशीलता से काम करे। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में व्यवस्था पतन का दौर चल रहा है। बाकी सुविधाएं तो छोड़िए स्वास्थ्य सुविधाओं को भी सरकार ने भगवान भरोसे छोड़ दिया है, जिसके कारण हालत यह हो गई है कि प्रदेश के बड़े-बड़े अस्पतालों में छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए लोग तरस रहे हैं। जबकि सरकार दावा कर रही है कि वह स्वास्थ्य व्यवस्था को विश्व स्तर पर की बना रही है जबकि असलियत यह है कि दीवाली के दिन दुर्घटना में शिकार हुए लोगों को आपातकाल में दवाई तक नहीं मिली।

### सड़क हादसे में यूपी के युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन ।** पुलिस थाना बरोटीवाला के तहत सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित कुमार पुत्र सुभाष सिंह निवासी असल्तपुर तहसील शाहबाद, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश के तौर पर हुई है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है। हादसा हरिपुर गुरुद्वारा से पट्टा रोड़ पर हुअ, जब अमित मोटरसाइकिल पर जा रहा था, तो अचानक मोटरसाइकिल स्किड होने से नियंत्रण खोकर सड़क पर गिर गया। हादसे में अमित चोटिल हो गया, जिसे तुरंत बरोटीवाला के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया जहां डॉक्टर ने अमित को मृत घोषित कर दिया गया।

# राज्यपाल ने अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**





राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जिला शिमला के रामपुर बुशहर में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उपस्थित रही।

राज्यपाल ने कहा कि सदियों से लवी मेले ने व्यापारिक मेले के रूप में अपनी पहचान कायम की है और वर्तमान में प्रदेश के सांस्कृतिक उत्सव के रूप में उभर रहा है।

उन्होंने कहा कि यह मेला प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को प्रतिबिंबित करता है और हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। प्रतिवर्ष रामपुर में लोग व्यापारिक गतिविधियों में भाग लेने के साथ-साथ परंपरा, एकता और सौहार्द की भावना को सुदृढ़ करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि इस मेले का अपना ऐतिहासिक महत्त्व है और यह व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ अपनी समृद्ध परंपराओं के लिए भी प्रसिद्ध है। विभिन्न राज्यों से आए सांस्कृतिक समूह एक मंच पर देश की विविध संस्कृतियों का प्रदर्शन कर अनेकता में एकता की भावना का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। यह मेला संस्कृतियों, विचारों और व्यापारिक गतिविधियों का संगम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रामपुर वाणिज्य और सांस्कृतिक केंद्र बन कर उभर रहा है। यह मेला लोगों के लिए आर्थिकी सुदृढ़ करने के साथ-साथ सामाजिक संबंधों को सुदृढ़ करता है और इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को संबल मिलता है और प्रदेश की संस्कृति का संवर्धन होता है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने माता भीमाकाली से प्रदेश के लोगों की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की और लवी मेले के सफल आयोजन के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि मेले में ऊनी वस्त्र, सूखे मेवे और अन्य पारंपरिक शिल्प कला का प्रदर्शन किया जाता है। यह मेला पारंपरिक कारीगरों, बुनकरों तथा किसानों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने और बेचने का सुनहरा अवसर उपलब्ध करवाता है। उन्होंने कहा कि इस उत्सव के माध्यम से संस्कृतियों का विलय हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुंभ की तरह लवी मेला सांस्कृतिक पहचान कायम कर रहा है। इससे पहले, राज्यपाल ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और अन्य संगठनों द्वारा प्रदर्शित प्रदर्शनियों का शुभारंभ तथा अवलोकन किया।

उपायुक्त एवं अंतरराष्ट्रीय लवी मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने इस अवसर पर राज्यपाल एवं लेडी गवर्नर का स्वागत किया। उन्होंने मेले के दौरान आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी भी दी।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक दलों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रभा नेगी, नगर परिषद अध्यक्ष मुस्कान नेगी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शहीद राकेश कुमार की पार्थिव देह मंडी पहुंची, आज होगा अंतिम संस्कार

## राकेश कुमार ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकी मुठभेड़ में पाई है शहादत

**पुष्पराज, मंडी**



जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में गत दिवस आंतकी मुठभेड़ में शहीद हुए नायब सूबेदार राकेश कुमार की पार्थिव देह मंडी पहुंची। सेना के हेलिकॉप्ट के माध्यम से पहले शहीद की पार्थिव देह कांगणीधार हेलिपेड पहुंचाई गई।

बता दें कि प्रशासन के माध्यम से पहले जो जानकारी मिली थी उसके अनुसार सोमवार सुबह 10 बजे शहीद राकेश कुमार की पार्थिव देह मंडी पहुंचने की उम्मीद थी। लेकिन सेना संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद दोपहर 3 बजे के करीब शहीद की पार्थिव देह मंडी पहुंची।

कांगणीधार में प्रशासन की ओर से डीआईजी मध्य जोन मंडी सौम्या सांबशिवन, विधायक नाचन विनोद कुमार सहित एक्स सर्विस लीग के पदाधिकारियों और अन्य ने शहीद राकेश कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। एसडीएम कोटली मौके पर मौजूद रहे। सैनिकों व पूर्व सैनिकों ने शहीद राकेश कुमार साहब अमर रहे के खूब नारे भी लगाए। इसके उपरांत शहीद नायब सूबेदार की पार्थिव देह सेना के वाहन के माध्यम से नेरचौक मेडिकल कॉलेज ले जाई गई। यहां से मंगलवार सुबह शहीद की पार्थिव देह उनके पैतृक गांव पहुंचाई जाएगी। गौरतलब है कि शहीद नायब सूबेदार मंडी जिला के बल्ह उपमंडल की छम्यार पंचायत के तहत पड़ने वाले बरनोग गांव के निवासी थे। राकेश कुमार ने मां भारती की रक्षा करते हुए 42 वर्ष की उम्र में शहादत का जाम पिया है।

शहीद राकेश कुमार और उसके भाई का 10 कमरों का मकान वर्ष 2023 की प्राकृतिक आपदा में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। शहीद राकेश कुमार अपने पीछे 90 वर्षीय बुजुर्ग मां भत्ती देवी, 33 वर्षीय पत्नी भानुप्रिया, 12 वर्षीय बेटी यशस्वी ठाकुर और 7 वर्षीय बेटे प्रणव ठाकुर को छोड़ गए। (अनंत ज्ञान)

# दियोटसिद्ध बकरा कांड में जूनियर असिस्टेंट मनोज कुमार सस्पेंड

**अनंत ज्ञान टीम,बड़सर/हमीरपुर**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

हमीरपुर जिला के दियोटसिद्ध स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में हुए बकरा नीलामी गड़बड़झाले में मंदिर प्रशासन ने जूनियर असिस्टेंट मनोज कुमार को सस्पेंड कर दिया है। बीते रोज उसका तबादला मॉडल स्कूल चकमोह कर दिया गया था।

अब सस्पेंशन के बाद इसका हेड क्वार्टर कमिश्नर टेंपल और डीसी हमीरपुर फिक्स किया गया है। ोमवार शाम को जारी सस्पेंशन ऑर्डर्स में बड़सर के एसडीएम और ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गौतम ने कहा है कि मनोज बगैर इजाजत के फिक्स किए गए हैडक्वार्टर को नहीं छोड़ सकते। सस्पेंशन के समय उन्हें मिलने वाले भत्ते और वेतन में भी कटौती की गई है।

काबिले गौर यह है कि 2 दिन पहले मंदिर परिसर में हुए बकरा नीलामी मामले में गड़बड़झाले की चर्चा हुई थी। जिस पर ट्रस्ट प्रशासन ने जांच बिठा दी है। इसी सिलसिले में मुख्य रूप से मनोज के खिलाफ शुरुआती कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

दर असल में नीलामी को लेकर जो आरोप लगे हैं, उसमें बगैर सक्षम अधिकारी की मौजूदगी के यह बोली हो गई। अहम बात यह है कि 60,000 में यदि 35 बकरों की नीलामी की गई है तो फिर गड़बड़ी हुई कहां है? इसी की जांच होनी है। श्रद्धालुओं द्वारा छोटे-छोटे मेमने चढ़ाए जाते हैं। इस मंदिर में इनकी पूजा अर्चना होती है, लेकिन इन्हें मंदिर प्रशासन अपने पास ज्यादा दिनों तक नहीं रख सकता। इसीलिए नीलामी के जरिए इन्हें बेच दिया जाता है। इसकी परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। इसके लिए कमेटी बनी हुई है। जो रेगुलर आधार पर इनकी नीलामी करती है।

# प्रदेश सरकार किन्नौर में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**



राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने जिला किन्नौर के निचार विकास खंड के ग्राम पंचायत युला के अंतर्गत आने वाले गांव रूनंग के लिए 11 करोड़ रुपए की राशि से निर्मित होने वाले 6 किमी संपर्क सड़क का शिलान्यास किया तथा विकास खंड कल्पा के ग्राम पंचायत किल्बा में 1 करोड़ 14 लाख रुपए की राशि से निर्मित होने वाले सामुदायिक केंद्र पंचायत घर किल्बा का भी शिलान्यास किया।

राजस्व मंत्री ने बताया कि किल्बा कंडे को संपर्क सड़क से जोड़ने के लिए प्राक्कलन तैयार किया जाएगा तथा मल निकासी योजना के कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने पशु औषधालय भवन को शीघ्र दुरूस्त करने का आश्वासन दिया और दोहराया कि वर्तमान प्रदेश सरकार जनजातीय जिला किन्नौर में खेल कूद को बढावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके दृष्टिगत कल्पा मिनी स्टेडियम को आधुनिक सेवाओ से सुदृढ़ बनाने के लिए 26 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है ताकि जिला की युवा पीढ़ी खेलों के प्रति आकर्षित हो सके।

जगत सिंह नेगी ने बताया कि वर्तमान प्रदेश सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर कार्य कर रही है और समान विकास हर क्षेत्र में सुनिश्चित कर रही है। वर्तमान राज्य सरकार वन अधिकार अधिनियम-2006 के माध्यम से उपेक्षित वर्गों को भूमि का मालिकाना हक प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में अधिकारियों को निर्देशों की अनुपालना पर अमल करने के आदेश दिए जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा सरकार के कार्यकाल में जमकर हुई फिजूलखर्ची : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में जमकर फिजूलखर्ची हुई।

भाजपा सरकार ने जनमंच और स्थापना दिवस कार्यक्रम के नाम पर 16,261 करोड़ रुपए फूंक दिए। चुनाव जीतने के लिए पूर्व सरकार ने कर्मचारियों के लिए 10,600 करोड़ रुपए के संशोधित वेतन और महंगाई भत्ते की घोषणा तो की, लेकिन एरियर का भुगतान नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का 10 हजार करोड़ वेतन और 600 करोड़ डीए के एरियर का भुगतान लंबित है। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि पूर्व सरकार ने 1 जनवरी 2023 से तीन फीसदी और 1 जुलाई 2022 को चार फीसदी महंगाई भत्ते की घोषणा की, लेकिन इसका भुगतान नहीं किया गया।

# डमटाल में 3.20 किलो चरस बरामद, तीन युवक गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



पुलिस जिला नूरपुर की ओर से नशा माफिया के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी के तहत नूरपुर के नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज एएसआई सतेंद्र कुमार को गुप्त सूचना मिली कि एक नशा तस्कर कुछ लोगों को नशा सप्लाई करने जा रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने पठानकोट-जालंधर मार्ग पर थाना डमटाल के पास नाका लगाया। इस दौरान एक कार नंबर जेके 08 एल 1571 को रोकने का इशारा किया, तो कार में सवार लोगों ने वहां से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। कार की तलाशी के दौरान उसमें 3.20 किलो चरस बरामद गई।

कार में सवार आरोपियों की पहचान विशाल कुमार पुत्र कमल किशोर, निवासी समलाना तहसील जवाली तथा करनप्रीत सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी गांव चंगी तहसील हीरानगर तथा साहिल कुमार पुत्र मेहर चंद निवासी चक देसा जिला कठुआ जम्मू-कश्मीर के तौर पर की गई है। इन तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### टैक्सी चालक से आधा किलो चरस पकड़ी

**एसके शर्मा, जाहू।** जाहू पुलिस चौकी के अंतर्गत भोटा-जाहू सुपर हाइवे पर सुलगवान बाईपास के पास नाके के दौरान एक टैक्सी से आधा किलो चरस बरामद की है। रविवार देर शाम को जाहू पुलिस की टीम एएसआई फिरोज अख्तर, हैड कांस्टेबल सुरजीत सिंह, आरक्षी अनिल कुमार, रविंद्र कुमार के नेतृत्व में सुलगवान बाईपास के पास नाका लगाया गया था। लदरौर की तरफ से टैक्सी एचपी 01 एम 1597 को नाके के दौरान रोका ओर उसकी चैकिंग की गई तो उसमें चरस बरामद की जोकि आधा किलो निकली। पुलिस ने टैक्सी में सवार तीन युवकों राजेंद्र कुमार (23) पुत्र चेत राम, जिला मंडी, विक्की कुमार (21) और विशाल (20) पुत्र अमर सिंह निवासी, जिला मंडी के रहने वाले हैं।

### नड्डा के तनखवाइयों को कांग्रेस में न मिले स्थान: बंबर



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला में कांग्रेस के कुछ नेता जेपी नड्डा के तन्खवाइएं बने हुए हैं। बिलासपुर में कांग्रेस को कमजोर करने में वे अंदर खाते लगे हुए हैं। जेपी नड्डा के खिलाफ एक भी बयानबाजी से परहेज करने वाले इन कांग्रेस नेताओं को बिलकुल भी कांग्रेस की नई कार्यकारिणी में स्थान नहीं मिलना चाहिए। यह बिलासपुर में वह नेता है, जिन्होंने चुनावों में कांग्रेस के खिलाफ कार्य किया है।

यह बात सदर पूर्व विधायक व प्रदेश कांग्रेस महासचिव बंबर ठाकुर ने कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के केंद्र नेतृत्व ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भंग करने का सही निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपनी दावेदारी भी पेश करते हैं।

**राजनीति** | कांग्रेस संगठन भंग तो भाजपा में संगठनात्मक चुनावों का दौर

# हमीरपुर में भाजपा और कांग्रेस दोनों खामोश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



हमीरपुर जिला की भाजपा और कांग्रेस की राजनीति में इन दोनों साइलेंट मोड चल रहा है। भाजपा में नए माहौल के संगठनात्मक ढांचे की संरचना की उधेड़-बुन शुरू हो चुकी है, तो कांग्रेस में संगठनात्मक ढांचे में अब नए 'स्ट्रक्चर' की तैयारी हो रही है।

फिलहाल इसका ढांचा भंग किया जा चुका है। क्योंकि जिला मुख्यमंत्री का है और ढांचे की जो हालत यहां पहले भी रही है, अब उपचुनावों के बाद भी जो दशा-दिशा देखी गई है इसका आभास जिला भर के कांग्रेसियों को बखूबी है, लेकिन अच्छी उम्मीद यही लग रही है कि नए दौर की कांग्रेस जिला में अपना आधार तैयार कर पाएगी या फिर मेरा-तेरा ही एक बार फिर देखने को मिलेगा?

खैर, कांग्रेस के भीतर इसकी इंतजार लंबी ही होगी। क्योंकि झटपट से इस पार्टी के भीतर कुछ होता नहीं है। मगर यह बात जरूर है कि पदाधिकारियों की 'फौज' यहां पहले भी जिला के कांग्रेसियों ने अच्छी-खासी देख रखी है। मगर काम करने वाले और कांग्रेस को बुनियादी तौर पर मजबूत बनाने की दशा दिशा में जिन सक्रिय नेताओं की भूमिका यहां देखी जानी चाहिए? इसका अभाव शुरू से ही रहा है। अलबत्ता, भाजपाइयों की हालत जब भी यहां अंदरूनी कलह की वजह से खराब हुई, फायदा कांग्रेस को ही हुआ है।

उपचुनावों में कांग्रेस की हालत भी देख ली गई है और भाजपा की तो पिछले दो चुनावों से यहां आसानी से देखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

#### नए दौर की भाजपा?

क्या जिला की राजनीति में भाजपा का कुनबा नए दौर की भाजपा में दिखने लग रहा है। क्या इसके कुनबे में इस बार बहुत कुछ नया पक रहा है? इसी की चर्चा हो रही है। क्योंकि संगठनात्मक ढांचे में इस बार लंबे समय के उपरांत उठा-पटक कुछ ऐसी देखी जा रही है। । भाजपा के प्रभाव वाला इस जिले का 'किला' अपने परंपरागत आधार को कायम नहीं रख पाया। इसीलिए अब भाजपा का ढांचा यहां नए सूत्र में पिरोए जाने की जद्दोजहद में दिख रहा है। विधानसभा उपचुनावों की विपरीत परिस्थितियों के बीच जिस नई भाजपा का बीज यहां बोया गया है, उसका असर तो अब धीरे-धीरे दिखना शुरू हो चुका है।

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जिला क्या नए सूत्र में बंधेगा



**कांग्रेस** के अंदर भी अब क्योंकि देर-सवेर नया ढांचा तैयार होना है। क्योंकि प्रदेश स्तर पर इसका पूरा ढांचा भंग कर दिया गया है। इस आधार पर हमीरपुर भी शांत हो गया है, लेकिन इस जिला में पदाधिकारियों की जो फौज पहले के ढांचे में देखी गई है। इसका असर कभी भी उस स्तर पर नहीं देखा गया जिसकी जरूरत हमेशा यहां रही है। केवल ढांचे में शुमार नेता 'सजावट' थे। कांग्रेस की मजबूती के लिए इन्होंने कुछ किया हो, ऐसा कांग्रेस के परंपरागत और पुराने कार्यकर्ताओं को कभी भी आभास नहीं हुआ। तभी तो अब नए दौर की कांग्रेस मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के इस गृह जिला में क्या यकीनी तौर पर दिखने को मिलेगी? इसकी इंतजार शुरू हो गई है। जिस मनसा को लेकर कांग्रेस के संगठन आत्मक ढांचे को भंग किया गया है इसका मतलब साफ है की निष्क्रियता के बूटे इस संगठन में बड़ी फौज कांग्रेस के लिए कुछ नहीं कर रही थी। हमीरपुर जिला भी इससे अछूता नहीं था। इसीलिए 5-0 के स्कोर को 3-2 में जब उपचुनाव के बाद देखा गया, तो फिर सवाल तो उठने ही थे।

# निपुण मिशन के क्रियान्वयन का आकलन करने हिमाचल पहुंची एनसीईआरटी टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



बच्चों के बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अन्य राज्यों के साथ साथ हिमाचल प्रदेश में भी निपुण भारत मिशन लागू किया गया है। मिशन के तहत छात्रों में एफएलएन के स्तर में कितना सुधार हुआ है, इसका आकलन करने के लिए एनसीईआरटी की आठ सदस्यीय टीम प्रोफेसर सुनीति सनवाल की अध्यक्षता में हिमाचल आई है।

यह टीम राज्य में निपुण भारत मिशन के क्रियान्वयन का आकलन करेगी। पहले चरण में, एनसीईआरटी टीम ने समग्र शिक्षा निदेशालय में निपुण मिशन के अधिकारियों, एससीईआरटी प्रतिनिधियों, डाइट प्रिंसिपल्स और जिला टास्क फोर्स के सदस्यों के साथ राज्य स्तर पर कंसल्टेशन मीटिंग की।

समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में हिमाचल में बच्चों के एफएलएन में सुधार के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी निपुण राज्य समन्वयक डॉ. मंजुला शर्मा ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। हिमाचल में 22 फरवरी 2022 को निपुण हिमाचल लांच किया गया था। प्रदेश में इस मिशन के अंतर्गत राज्य के प्राथमिक विद्यालयों के पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों को शामिल किया गया है।

एनसीईआरटी को बताया गया कि मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न स्तरों पर विभिन्न कमेटियों और टास्क फोर्स का गठन किया गया है। समग्र शिक्षा की ओर से शिक्षकों को बेहतर ढंग से पढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। यही नहीं हिमाचल बच्चों के सीखने की प्रगति की सतत समीक्षा भी कर रहा है, इसके लिए समग्र शिक्षा ने विद्या समीक्षा केंद्र के तहत निपुण प्रगति चैटबॉट की शुरुआत की है। इतना ही नहीं बच्चों के सीखने के स्तर का मूल्यांकन करने के लिए अक्टूबर में बेसलाइन सर्वे स्कूलों में कराया गया, जिसकी रिपोर्ट जल्द ही ऑनलाइन जारी की जाएगी। इस रिपोर्ट को एनसीईआरटी के साथ भी साझा किया जा रहा है।

अनन्तविजयं राजा कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिरः। नकुलः सहदेवश्च सुघोषमणिपुष्पकौ॥

**भावार्थः** कुंतीपुत्र राजा युधिष्ठिर ने अनंत विजय नामक और नकुल तथा सहदेव ने सुघोष और मणिपुष्पक नामक शंख बजाए।







# 'कल्याण जी' मंदिर में होता है चर्म रोग का इलाज

## कुष्ठ रोग से पीड़ित राजा ने की मूर्ति की स्थापना और पड़ गया 'कल्याण जी' नाम

**भारत में मंदिरों और उनके रहस्यों की गुत्थी अनसुलझी है, यह कहना गलत नहीं होगा। यहां कई ऐसी जगह हैं, जिनकी स्थापना कब और कैसे हुई? इस सवाल का कोई जवाब नहीं है। फिर चाहे टिटलागढ़ का शिव मंदिर हो जहां पर तपते पहाड़ों पर भी ऐसी जैसी ठंडक होती है या फिर कानपुर में स्थापित ताले वाला मंदिर। इनके रहस्यों से आज तक पर्दा नहीं उठ सका है। इसी कड़ी में एक और मंदिर आता है वह है राजस्थान का 'कल्याण जी' मंदिर। तो अगर आप भी किसी धार्मिक यात्रा का प्लान कर रहे हैं तो इस अद्भुत मंदिर के दर्शनों के लिए जा सकते हैं। राजस्थान के टोंक जिले में स्थापित 'कल्याण जी' के बारे में कथा मिलती है कि इसका पुनर्निर्माण साल 1527 में हुआ था। हालांकि, निर्माण कब हुआ? इस बारे में अभी तक कोई साक्ष्य नहीं मिल पाया है। जानकार बताते हैं कि इंद्र के दरबार में अप्सराओं का नृत्य चल रहा था। तभी उनमें से एक अप्सरा उर्वशी हंसने लगीं। इंद्र को क्रोध आया और उन्होंने उर्वशी को 12 साल तक पृथ्वी पर रहने का श्राप दे दिया। वह काफी परेशान हुईं, लेकिन पृथ्वी पर सप्त ऋषियों के आश्रम में रहकर सभी की सेवा करने लगीं। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर ऋषियों ने उन्हें मुक्ति का मार्ग बताया।**

## अप्सरा उर्वशी ने राजा को दिया श्राप

**इसके** बाद अप्सारा राजा डिग्व के नगर पहुंचीं। वहां रात में घोड़ी का रूप धारण करके वह बाग के वृक्षों को खाकर अपनी भूख मिटाती थी। एक दिन राजा ने सोचा कि बाग खत्म होता जा रहा है। इसे नष्ट करने वाले का जल्दी ही पता लगाना होगा। राजा ने बाग की निगरानी की और उर्वशी को पकड़ लिया। उर्वशी के असली रूप को देखकर वह उस पर मोहित हो गए, लेकिन उर्वशी ने कहा कि उन्हें देवराज इंद्र से युद्ध करना होगा। अगर वह पराजित हो गए तो उर्वशी उन्हीं के साथ रहेगी। वरना उन्हें श्राप दे देगी। बताते हैं कि राजा इंद्र से युद्ध में परास्त हो गए और उर्वशी ने उन्हें कुष्ठ रोग होने का श्राप दे दिया। इसके बाद राजा भगवान विष्णु की शरण में पहुंचे। उन्होंने बताया कि राजा को कुछ समय के बाद समुद्र में उनकी मूर्ति मिलेगी, जिससे उनका उद्धार हो जाएगा। हुआ भी ऐसा ही। इसके बाद राजा ने उस मूर्ति की स्थापना कर दी, क्योंकि उसी मूर्ति से राजा का कल्याण हुआ था इसलिए उस मंदिर का नाम 'कल्याण जी' हो गया। यहां वैशाख पूर्णिमा, श्रावण एकादशी, अमावस्या और जल झूलनी एकादशी पर मेले का आयोजन होता है। यहां भारत के कोने-कोने से श्रद्धालु पहुंचते हैं और मन्नतों की अर्जी लगाते हैं।

## भगवान के नहाए हुए पानी में स्नान से दूर होता है कष्ट

**जयपुर** से महज 75 किलोमीटर दूर स्थित डिग्गी नगर में कल्याण जी के अनूठे मंदिर की खास बात यह है कि चर्म रोग से पीड़ित लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां इस बीमारी से छुटकारा पाने के लिए आते हैं। कल्याण जी के दरबार में माथा टेकने वाले हर श्रद्धालु के कष्ट यहां भगवान स्वयं हर लेते हैं भगवान को जिस पानी से स्नान कराया जाता है उस पानी को पीने और स्नान करने से चर्म रोग और आंखों की परेशानी सहित कई तरह की बीमारियों का अंत होता है।

## भगवान विश्वकर्मा ने एक रात में बनाया मंदिर

**पूरे** राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा सहित आसपास के कई राज्यों से लाखों श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बताया जाता है कि यह मंदिर करीब साढ़े 5000 साल पुराना है। भगवान विश्वकर्मा ने इसका निर्माण कराया था। एक ही रात में मंदिर का निर्माण हुआ। मंदिर के निर्माण के बाद जिस पुजारी ने उसकी पूजा शुरू की आज उस पुजारी के परिवार में ही 350 परिवार रहते हैं जो अपने-अपने समय पर यहां पूजा-अर्चना करते हैं।





## पांच समय लगता है भोग

**मंदिर** में पांच समय भोग लगता है व सात अलग-अलग समय पर आरती होती है। सुबह 4 बजकर 45 मिनट पर भगवान की मंगला आरती से इसकी शुरुआत होती है और उसके बाद भगवान के रात्रि विश्राम तक अलग-अलग समय पर पूजा अर्चना की जाती है। लोग कहते हैं कि यहां भगवान की प्रकट प्रतिमा है। यह प्रतिमा अपने आप में अलौकिक है। इसके दर्शन मात्र से सभी तरह की परेशानियां दूर हो जाती हैं। मंदिर में एक बार दर्शन करने पर ही नजरें रुक जाती हैं। प्रतिमा से एक तरह का तेज निकलता है जो अपनी और भक्तों को आकर्षित करता है।

# द्वापर युग में बना था ऐतिहासिक जयंती माता मंदिर

## पांडवों की स्मृति में यहां हर साल लगते हैं भीष्म पंचक (पंज भीखू) मेले

**ऐतिहासिक जयंती माता मंदिर कांगड़ा में पांच दिन तक मनाया जाने वाला पंच भीष्म का पर्व वर्षों से मनाया जा रहा है। इस बार ये मेले 11 नवंबर से शुरू हो रहे हैं और 15 नवंबर तक चलेंगे। भीष्म पंचक को 'पंज भीखू' के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार कांगड़ा में माता का यह मंदिर द्वापर युग में निर्मित हुआ था। यहां पर पांडवों का भी वास कुछ समय तक रहा है। जयंती माता जहां जीत का प्रतीक है, वहीं वह पापनाशिनी भी हैं।**

**पुराना** कांगड़ा के समीप पहाड़ की चोटी पर बने माता जयंती के मंदिर के ठीक नीचे तीन नदियों का संगम स्थल है। मांझी, मनूनी और बनेर नदी के इस संगम स्थल से ठीक ऊपर पहाड़ी पर विराजमान मां जयंती के मंदिर में शुक्रवार से पंचभीष्म मेले शुरू हो गए। इन मेलों के दौरान पांच दीये मां के दरबार में पांच दिन तक अखंड जलेंगे। इस दौरान तुलसी को गमले में लगाकर उसे घर के भीतर रखा जाता है और चारों ओर केले के पत्ते लगाकर दीपक जलाया जाता है। हजारों श्रद्धालु मां के मंदिर में शीश नवाते हैं। कांगड़ा किला के ठीक सामने करीब 500 फुट ऊंची पहाड़ी पर स्थित जयंती माता का मंदिर है। जयंती माता को मां दुर्गा की छठी भुजा का एक रूप माना जाता है।झ पांडवों की स्मृति में जयंती मां के मंदिर में पंच भीष्म मेले भी होते हैं। पंच भीष्म मेलों के दौरान इस क्षेत्र का नजारा ही कुछ और होता है। मंदिर में पांच दिनों तक चलने वाले इन मेलों में कांगड़ा ही नहीं, बल्कि दूर दराज के क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में लोग यहां पर मां के दर्शनों के लिए उमड़ते हैं। पहाड़ की चोटी पर बने इस मंदिर तक पहुंचने के लिए पहले उबड़-खाबड़ रास्ते के साथ सीधी चढ़ाई थी, लेकिन समय के साथ-साथ यहां पर बेहतर रास्ते का निर्माण भी करवाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं में भी लगातार इजाफा हो रहा है। पुराना कांगड़ा से जयंती माता मंदिर की सीढ़ियों तक सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है, इसके बाद करीब चार किलोमीटर का पैदल रास्ता तय करके मंदिर में पहुंचते हैं।

## जयंती मां से जुड़ी कुछ कथाएं

**पांडवों से कथाः** पौराणिक कथाओं के अनुसार महाभारत के युद्ध के समय युधिष्ठर को मां जयंती ने स्वप्न दिया था कि उनकी इस युद्ध में जीत होगी और यह भी निर्देश दिया था कि पांडव मां चामुंडा का आशीर्वाद लें। महाभारत युद्ध में पांडवों की जीत के बाद भगवान श्रीकृष्ण पांडवों को भीष्म पितामह के पास ले गए। भगवान श्रीकृष्ण ने उनसे अनुरोध किया कि वह पांडवों को ज्ञान प्रदान करें। मृत्यु शैय्या पर लेटे पितामह भीष्म सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे पितामह भीष्म ने श्रीकृष्ण के अनुरोध पर पांडवों को राज धर्म, वर्ण धर्म एवं मोक्ष धर्म का ज्ञान दिया। भीष्म द्वारा ज्ञान देने का क्रम एकादशी से लेकर पूर्णिमा तिथि यानी पांच दिन तक चलता रहा। भीष्म ने जब पूरा ज्ञान दे दिया तब भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि आपने जो पांच दिन में ज्ञान दिया है, यह पांच दिन आज से अति मंगलकारी हो गए हैं। इन पांच दिनों को भविष्य में 'भीष्म पंचक' के नाम से जाना जाएगा। इसके बाद से जयंती माता मंदिर में इस आयोजन का आरंभ हुआ, जो निरंतर जारी है।

**इंद्र देव से जुड़ी कथाः** एक अन्य कथा के अनुसार जब इंद्र को राक्षस ने युद्ध में घेर लिया था तो मां जयंती ने मां चामुंडा का रूप धारण करके देवराज इंद्र की सहायता भी की थी। कहा जाता है कि जयंती माता के दर्शन से पाप और कष्ट दूर हो जाते हैं। मारकंड पुराण में भी मां जयंती को पापनाशिनी कहा गया है। लोगों की आस्था व श्रद्धा की प्रतीक जयंती मां गोरखा समुदाय के लोगों की कुलदेवी भी है।

**राजकुमारी से जुड़ी कथा :** जयंती मां से जुड़ी एक कथा यह भी बताई जाती है कि एक राजकुमारी मां की भक्त थी। जब राजकुमारी की शादी हुई और उसकी डोली उठने लगी तो कहार उसे उठा नहीं पाए। इसके बाद राजकुमारी ने कहा कि मां ने उसे स्वप्न दिया था कि वह उसे अपने साथ ले जाए। इसके बाद एक पिंडी को मां की पिंडी के साथ स्पर्श करके राजकुमारी अपने साथ ले गई और उसे अपने सुसराल में स्थापित किया। आज यह स्थान चंडीगढ़ में हैं, जहां जयंती माजरी गांव में मां जयंती का मंदिर बना हुआ, जोकि लोगों की आस्था का प्रतीक है।

**भीष्म पंचक व्रत का महत्वः** भीष्म पंचक व्रत अति मंगलकारी और पुण्यदायी माना जाता है। यह व्रत पूर्व संचित पाप-कर्मों से मुक्ति प्रदान करने वाला और कल्याणकारी है। जो भी यह व्रत रखता है, वह सदैव स्वस्थ रहता है तथा उसे प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। भीष्म पंचक व्रत करने वाले को पांच दिनों तक संयम एवं सात्विकता का पालन करते हुए यज्ञादि कर्म करना चाहिए। इस व्रत में गंगा पुत्र भीष्म की तृप्ति के लिए श्राद्ध और तर्पण का भी विधान है।

**खट्टे का लुत्फ उठाने पहुंचते हैं लोग**

जयंती माता के मंदिर में हर साल लगने वाले मेलों में खट्टे का व्यंजन बहुत लोकप्रिय है। पंचभीष्म मेले के दौरान (गलगल) खट्टे का व्यंजन मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को खिलाया जाता है। जयंती माता मंदिर एक मात्र मंदिर है जहां मेलों के दौरान खट्टे के स्टॉल व दुकान लगी होती हैं।



# देवउठनी एकादशी को होगा तुलसी विवाह

***हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे का विशेष महत्व है। इसे धन की देवी मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। आमतौर पर घरों में सुबह-शाम इस पौधे की पूजा की जाती है, परंतु तुलसी विवाह के दिन आराधना करने से वैवाहिक जीवन में खुशियों का वास होता है। पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को तुलसी माता और शालिग्राम जी का विवाह किया जाता है। हालांकि कुछ लोग द्वादशी पर भी तुलसी विवाह करते हैं। इस साल 12 नवंबर को तुलसी विवाह कराया जाएगा। इस दिन देवउठनी एकादशी भी है। इस दौरान कुछ जगहों पर 13 नवंबर 2024 को भी तुलसी विवाह किया जाएगा। माना जाता है कि तुलसी विवाह करवाने से साधक को कन्यादान के समान फल की प्राप्ति होती है। साथ ही तुलसी जी और शालिग्राम की कृपा से विवाह में आ रही बाधाएं भी दूर होती हैं। ऐसे में आइए तुलसी विवाह की विधि और मुहूर्त के बारे में जानते हैं।***

**तुलसी विवाह एकादशी तिथि**

पंचांग के अनुसार कार्तिक माह में आने वाली शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 11 नवंबर को शाम 6:46 मिनट से होगी। इसका समापन 12 नवंबर को दोपहर बाद 4: 04 मिनट पर होगा। ज्योतिष गणना के अनुसार एकादशी तिथि पर तुलसी विवाह का शुभ समय शाम 5 बजकर 29 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

**तुलसी विवाह द्वादशी तिथि**

कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि की शुरुआत 12 नवंबर को शाम 4 बजकर 4 मिनट से हो रही है। इसका समापन 13 नवंबर को दोपहर 1: 01 बजे होगा।

**तुलसी विवाह की पूजा विधि**

तुलसी विवाह कराने के लिए सर्वप्रथम एक लकड़ी की चौकी लें। इसके बाद उसपर लाल रंग का साफ आसन बिछाएं। इसके बाद तुलसी के गमले को गेरू से रंग दें। फिर उसके चौकी के ऊपर स्थापित कर दें। वहीं आप एक और चौकी लें। इसपर साफ या नया आसन बिछा लें। अब इस पर भगवान शालिग्राम को स्थापित कर दें। दोनों चौकियों को एक दूसरे के पास में रखें। दोनों के ऊपर गन्ने से मंडप सजाएं। इसके बाद आप एक साफ कलश में जल भरें और उसमें पांच या फिर सात आम के पत्ते डाल दें। इसे पूजा स्थल पर स्थापित कर दें।

अब शालिग्राम जी और माता तुलसी के सामने दीपक जलाएं। फिर दोनों को रोली या कुमकुम से तिलक करें। इस दौरान तुलसी माता को लाल रंग की चुनरी चढ़ाएं। धीरे-धीरे चूड़ी, बिंदी आदि चीजों से श्रृंगार करते जाएं। इसके बाद सावधानी से चौकी समेत शालिग्राम जी को हाथों में लेकर तुलसी की सात परिक्रमा कराएं। फिर दोनों की आरती करें। अंत में सुख सौभाग्य की कामना करते हुए फूल का छिडकाव करें, और सभी में प्रसाद का वितरण कर दें।





***ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा, जोगिंद्रनगर***

# नवमांश गोचर फल

***दशाफल भारतीय ज्योतिष की महत्वपूर्ण देन है। महर्षि पराशर ने 42 दशाओं का वर्णन करके मुख्य स्थान विंशोतरी दशा को दिया। इस दशा को पांच भागों महा दशा, अंतर दशा, प्रयत्यंतर दशा, सूक्ष्म दशा व प्राण दशा में विभक्त किया गया। इस प्रकार वर्षों से मासों में, मासों से दिनों में एवं दिनों से घंटों में एवं घंटों को मिनटों में दशा काल क्रमशः घटता गया। दशा फल में कथित कोई भी घटना तभी घटित होती है, जब उस घटना को दर्शाने वाले ग्रह गोचर में अपनी जन्मकालीन स्थिति से संबंध करते हैं, इसलिए दशा एवं गोचर दोनों का अध्ययन करके फलित कहने का विधान है।***

> 'गोचरेण फलं योज्यं दशा मुक्ति विधानतः।'
> 'दशा कालादि निश्चित्य फलानि परिचिन्त्येत।
> गोचरे स्फुट योगांशे फलं बयूदिचक्षणः।।'
> - देवकेरलम्



**एक राशि में होते हैं 9 नवमांश**

सर्वविदित है कि एक राशि में 9 नवमांश होते हैं। एक नवमांश का मान 3 अंश 20 कला होता है। प्रत्येक नवमांश भिन्न-भिन्न राशि का होता है। एक नवमांश में ग्रह का भ्रमण नवमांश गोचर कहलाता है। मध्यमान से एक नवमांश में ग्रहों का गोचर काल निम्न है। सूर्य 3 दिन 8 घंटे, चंद्र 6 घंटे, मंगल लगभग 5 दिन, बुध 2 दिन 6 घंटे, गुरु 40 दिन, शुक्र 2 दिन 16 घंटे, शनि 100 दिन और राहु केतु 60 दिन। सूर्य चंद्र को छोड़ कर शेष ग्रह वक्री होते हैं। उनकी गति में काफी अंतर आ जाता है। इस कारण इनका नवमांश गोचर भी घटता-बढ़ता रहता है। इसका ज्ञान पंचांग में दिए दैनिक स्पष्ट ग्रहों से ही होता है।

**शुभ-अशुभ ग्रहों का गोचर फल**

नवमांश गोचर फल को ग्रहों के आधार पर दो भागों में बांटा गया है। शुभ ग्रहों का गोचर फल और अशुभ ग्रहों का गोचर फल। शुभ ग्रहों में गुरु, शुक्र, शुभयुतबुध एवं शुक्ल पक्ष चंद्र आते हैं। सूर्य, मंगल, शनि, राहु, केतु इनमें से किसी से युत बुध एवं क्षीण चंद्रमा अशुभ ग्रह है। कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी एवं अमावस्या का चंद्रमा क्षीण माना जाता है। जो फल दशा में बताया गया है। नवांश गोचर उसी को देने में सहायक होता है। बड़े खेद की बात है कि अधिकतर ज्योतषी जन्म लग्न एवं जन्म राशि को देख कर ही भविष्यवाणी कर देते हैं। जो लग गया तो तीर नहीं तुका वाली कहावत चरितार्थ होती है। अतः ज्योतिषियों से निवेदन है कि नवांश गोचर को प्रयोग में लाकर ज्योतिष के फलित की सत्यता में वृद्धि करें।

***-विभूति शर्मा, भडियाड़ा***

## न्यूज ब्रीफ

### साइंस क्विज में भरेड़ी स्कूल जिलाभर में प्रथम



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भरेड़ी के दो छात्रों शिवांश और वंशिका ने चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में साइंस क्विज में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह साइंस क्विज हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में आयोजित की गई, जहां पर स्कूल के इन दो बच्चों ने जिलाभर के सभी स्कूलों को मात देकर प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल पहुंचने पर इन दोनों विजेताओं का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राजगीर सिंह ने बताया कि ये दोनों विद्यार्थी बहुत प्रतिभाशाली हैं और चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि इस जीत का श्रेय इन विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके गुरुजनों को भी जाता है, जिनके मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से यह सब संभव हुआ है। पूरे स्कूल में दिनभर खुशी का माहौल रहा। सभी ने राज्य स्तरीय चिल्ड्रन कांग्रेस में भी इन विद्यार्थियों के मंगल में भविष्य की कामना की है।

### टौणी देवी में शुरू हुआ मशरूम प्रशिक्षण शिविर



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर के सौजन्य से सोमवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय टौणी देवी में स्थानीय महिलाओं के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आरंभ हुआ। इस शिविर में महिलाओं को मशरूम की खेती का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए खंड विकास अधिकारी वैशाली शर्मा ने प्रतिभागी महिलाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं पारंपरिक खेती और पशुपालन के साथ-साथ इनसे संबंधित अन्य गतिविधियों के माध्यम से भी घर में ही अच्छी आय अर्जित कर सकती हैं। मशरूम की खेती में भी इसकी अच्छी संभावनाएं हैं। शिविर के आयोजन के लिए आरसेटी की सराहना करते हुए वैशाली शर्मा ने कहा कि महिलाओं को इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं अपने कौशल का विकास एवं उन्नयन करके घर में ही उद्यम स्थापित कर सकती हैं या अपना कारोबार आरंभ कर सकती हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिकी मजबूत होगी। अजय कुमार कतना ने बताया कि इस दस दिवसीय शिविर के दौरान प्रतिभागी महिलाओं को खाना, वर्दी, स्टेशनरी और अन्य सामग्री आरसेटी की ओर से ही उपलब्ध करवाई जाएगी। शिविर के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रधान रविंद्र सिंह ठाकुर, आरसेटी के फैकल्टी मेंबर विनय चौहान, सीआरपी राजकुमार, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की क्षेत्रीय समन्वयक नीता और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### लोगों को जागरूक करने में बीसी-सखी की अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में तैनात महिला बैंक कोरेसपोंडेंट्स (बीसी-सखी) को बैंकिंग, अन्य वित्तीय प्रक्रियाओं एवं योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में सोमवार को एक शिविर आरंभ हुआ। शिविर के शुभारंभ अवसर पर आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना, डीएफएम पूजा शर्मा और अन्य अधिकारियों ने प्रतिभागियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। अजय कुमार कतना ने कहा कि बैंकिंग योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आम लोगों को बैंकिंग प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करने में बीसी-सखी की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी बीसी-सखी से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे साइबर ठगी के बचाव के बारे में आम लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें।



### जिप सदस्य ने टॉयलेट निर्माण को दिए 2 लाख



**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुटियारा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया है, जिसमें जिला परिषद सदस्य सीमा कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने युवाओं को समाज सेवा के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि एनएसएस से बच्चों को समाजिक भाईचारे को बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है, इसलिए ऐसे शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने स्कूल में लड़कियों के टॉयलेट निर्माण के लिए 2 लाख रुपए देने का आश्वासन दिया और शिविर के लिए 1100 रुपए का योगदान भी दिया। स्कूल के वाइस प्रिंसीपल डॉ. नीरज ने मुख्यातिथि का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारियों संजय कुमार व जसविंद्रा कुमारी, एसएमसी प्रधान मोहिंद्र सिंह, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग और अध्यापकों का भी विशेष शिविर के दौरान सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### बच्चों ने भाषण से व्यक्त किए अपने विचार



**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में आज विश्व विज्ञान दिवस व राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। इस दिवस पर बच्चों ने अपने-अपने विचार भाषण द्वारा व्यक्त किए। कक्षा नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चों ने डीएनए, हृदय, दिमाग, गुर्दा, माईक्रोस्कोप के मॉडल की प्रदर्शनी लगाई और स्कूल के सभी बच्चों को दिखाया। बच्चों ने इन मॉडल की मानव शरीर में क्या भूमिका है, इसके बारे में बताया और मॉडल के विषय पर प्रश्न भी पूछे। बच्चों ने बताया कि इस दिवस के माध्यम से समाज में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाना है। अध्यापकों में शीतल और जीवन ने बच्चों को अपने भाषण के जरिए बताया कि यूनेस्को द्वारा इस दिवस की स्थापना दुनिया भर में विज्ञान के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की थी। अध्यापकों में जीवन, शीतल ने बच्चों के साथ पूर्ण सहयोग दिया। प्रधानाचार्या आरती कटोच ने बच्चों को बताया कि हर साल इस दिवस को एक थीम के तहत मनाया जाता है। इस साल इस दिवस की थीम 'विज्ञान क्यों महत्वपूर्ण है- दिमागों को जोड़ना और भविष्य को सशक्त बनाना' है।

# मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में तीन दिन से अल्ट्रासाउंड की मशीन खराब

## एक ही मशीन से अब हो रहे अल्ट्रासाउंड, मरीजों को घंटों करना पड़ रहा इंतजार

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

मेडिकल कॉलेज हमीरपुर पहले सीटी स्कैन की मशीन खराब होने से मरीजों को परेशानी हुई, अब अल्ट्रासाउंड मशीन पिछले तीन दिन से खराब चली हुई है। मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड के लिए दो मशीनें लगाई गई हैं जिसमें प्रतिदिन 150 से अधिक अल्ट्रासाउंड किए जा रहे थे। इसमें एक मशीन खराब हो गई जिसके कारण अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

यही नहीं मेडिकल कॉलेज में मरीजों के अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए पहले ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, अब और परेशानी बढ़ गई है। बता दें कि मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए बीमारी के हिसाब से ही मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए जाते थे। कई मरीजों को एक से डेढ़ महीने की डेट दी जाती है उसी दिन उन मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए जाते हैं। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं और इमरजेंसी में आए मरीजों का अल्ट्रासाउंड उसी दिन किए जाते हैं। अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को इंतजार करना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज में हालात यह हैं कि अब एक ही मशीन पर गर्भवती और इमरजेंसी में मरीजों के ही अल्ट्रासाउंड हो रहे हैं, बाकि मरीजों को डेट दी जा रही है।



मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में अल्ट्रासाउंड न होने से मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि मशीन खराब होने की सूचना मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को दे दी है। अब मशीन ठीक होने के बाद ही मरीजों के टेस्ट हो पाएंगे। इस बारे में रेडियोलॉजिस्ट विभाग के एचओडी विजय कुमार ने बताया कि दो मशीनों में से एक मशीन में खराबी आ गई है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को इस बारे में सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि मशीन ठीक होते ही अन्य मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए जाएंगे।

वहीं, मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्य अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि अभी मैं छुट्टी पर हूं। खराब मशीन को ठीक करवाने के लिए कंपनी से संपर्क किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# डीसी के निर्देश पर तहसीलदार ने सुलझाया गांव भटवाड़ा का विवाद

## फसल की बिजाई न होने से गांव के लोग थे परेशान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत नाल्टी के गांव भटवाड़ा में फसल की बिजाई के लिए ट्रैक्टर को निजी जमीन से रास्ता देने को लेकर उत्पन्न हुए विवाद को एक दिन में ही सुलझा लिया गया है। इस संबंध में गांववासियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को उपायुक्त अमरजीत सिंह से मिलने पहुंचा था।

गांववासियों के आग्रह पर उपायुक्त ने हमीरपुर के तहसीलदार को मौके पर जाकर इस मामले को सुलझाने के निर्देश दिए। उपायुक्त के निर्देश के बाद तहसीलदार सुभाष कुमार ने सोमवार को ही भटवाड़ा गांव में पहुंचकर लोगों को राजस्व नियमों का हवाला देते हुए मौके पर 'वाजिब उल अर्ज' पढ़कर सुनाया, जोकि अभिलेख का अभिन्न भाग है तथा किसानों को फसल की बिजाई के लिए खाली जमीन से रास्ते का अधिकार प्रदान करता है।

तहसीलदार ने बताया कि उक्त नियम एवं किसानों के अधिकार के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बाद संबंधित लोग सहमत हो गए और यह विवाद सुलझा लिया गया।



उपायुक्त से समस्या को लेकर इससे पहले ग्रामीण मिले थे, जिसे अब सुलझा लिया गया है।

# जिला सचिवालय में 20 कमरे किए खाली

## दशकों से बंद पड़े कमरों की हो रही मरम्मत; किया जाएगा उपयोग, शेड भी हटाए

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह द्वारा आरंभ की गई विशेष मुहिम के बाद जिला के मिनी सचिवालय की कायाकल्प हो रही है। कई दशकों से अनावश्यक रूप से जमा पुराने अनुपयोगी सामान एवं कबाड़ हटाए जाने के बाद मिनी सचिवालय में लगभग 20 बड़े एवं छोटे कमरे खाली हुए हैं। इन कमरों को उपयोग में लाने के लिए मरम्मत कार्य जोरों पर है।

कई दशकों से बंद पड़े इन कमरों के ताले खुलने और इनकी मरम्मत के बाद उपायुक्त कार्यालय की विभिन्न शाखाओं को पर्याप्त जगह मिलेगी तथा इन शाखाओं के माध्यम से आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मिनी सचिवालय परिसर में सरकारी गाड़ियों और अन्य सामान के लिए अनावश्यक रूप से जहां-तहां बनाए गए शैडों को भी उपायुक्त के निर्देशानुसार हटवा दिया गया है। इससे यह परिसर खुला और सुंदर लगेगा तथा आम लोगों की आवाजाही में भी आसानी होगी।



खाली किए गए कमरों की जांच करते डीसी अमरजीत सिंह।

अमरजीत सिंह ने सोमवार को भी स्वयं पूरे मिनी सचिवालय परिसर का निरीक्षण किया तथा मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि वर्षों से बंद रहने के कारण मिनी सचिवालय के कई कमरों की हालत बहुत ही खराब हो चुकी थी और इनका उपयोग नहीं हो पा रहा था।

पुराना अनुपयोगी सामान हटाए जाने के बाद इन कमरों को उपयोग में लाने के लिए इनकी आवश्यक मरम्मत की जा रही है।

उन्होंने कहा कि मिनी सचिवालय की बैक साइड को भी साफ करवाया जा रहा है तथा इस तरफ के कमरों की मरम्मत करवाकर इन्हें भी उपयोग में लाया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त के साथ जिला राजस्व अधिकारी जसपाल सिंह और जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### हमीरपुर में गैस सिलेंडर की दरों में आंशिक संशोधन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर परिषद हमीरपुर के सभी 11 वार्डों के उपभोक्ताओं को दो अलग-अलग गैस एजेंसियों हमीरपुर गैस सर्विस और शहीद सुरजीत सिंह गैस सर्विस के माध्यम से घर तक रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए निर्धारित अतिरिक्त दरों में आंशिक संशोधन किया गया है।

इस संबंध में हिमाचल प्रदेश जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी निवारण आदेश-1977 के तहत आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि एनआईटी, अणु, दोसड़का, लालहड़ी और बड़ू सहित नगर परिषद हमीरपुर के सभी वार्डों के उपभोक्ताओं को घर में ही 14.2 किलोग्राम का घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए परिवहन शुल्क एवं स्त्र2लीएज की दर 28 रुपए निर्धारित की गई है। जिलाधीश ने इसकी अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### करियर गाइडेंस और काउंसिलिंग पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट हमीरपुर में करियर गाइडेंस और काउंसिलिंग के बारे एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा खंड सुजानपुर एंड गलोड़ के 79 अध्यापकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट हमीरपुर के मुखिया पुनीत बांटा तथा पीयूष, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर ने किया। इस कार्यक्रम के बारे ने जिला डाइट के को-ऑर्डिनेटर भवानी सिंह ने बताया कि कार्यशाला में अध्यापको को प्रशिक्षण देने के बाद वे बच्चों को भविष्य के रोजगारों की जानकारी देंगे। इस दौरान जिला हमीरपुर के उपनिदेशक क्वालिटी कंट्रोल और जिला परियोजना अधिकारी नवीन कुमार ने भी संबोधित किया।

### एनआईटी हमीरपुर का सीबीडीई कार्यक्रम के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा सीबीडीई कार्यक्रम के प्रस्तावों की कॉल में 5 उच्च शिक्षण संस्थानों में से चुना गया है। ईसीई विभाग के डॉ. रोहित धीमान (प्रमुख अन्वेषक), प्रोफेसर राजीवन चंदेल, डॉ. अश्वनी कुमार राणा और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. भारत भूषण शर्मा परियोजना का कार्यान्वित करेंगे। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एचएम सूर्यवंशी ने एनआईटी हमीरपुर का सीबीडीई कार्यक्रम में चयनित होने पर पर खुशी व्यक्त की। उनके अनुसार, इस पहल से छात्रों की शिक्षा और फैकल्टी के शोध परिणामों में सुधार, उच्च एनआईआरएफ रैंकिंग और संस्थान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को साकार किया जा सकेगा। कुलसचिव, प्रो. अर्चना संतोष नानोटी ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### पंजाब ने हिमाचल को 1 पारी और 115 रन से हराया

**अनंत ज्ञान, नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अमतर नादौन में पंजाब व हिमाचल की क्रिकेट टीम के बीच खेला गया कर्नल सीके नायडू अंडर-23 मैच पंजाब जीत लिया है। पंजाब की टीम ने शानदार मैच खेला और हिमाचल की टीम से एक पारी और 115 रन से जीत लिया है। हिमाचल की टीम को पंजाब के विशाल स्कोर का पीछा करते हुए फालोऑन खेलना पड़ा। चौथे दिन हिमाचल की टीम ने 166 रन से आगे खेलते हुए मात्र 266 रन ही बना पाई। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व क्रिकेट स्टेडियम अमतर के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि पंजाब ने शानदार पारी खेलते हुए पहली ही पारी में 500 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया था।

### 13-14 को आंशिक रूप से बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपकेंद्र अणू में विभिन्न विद्युत उपकरणों का आवधिक परीक्षण 13 और 14 नवंबर को किया जाएगा। सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने बताया कि इस आवधिक परीक्षण के कारण 13 और 14 नवंबर को विद्युत उपकेंद्र अणु से जाने वाली 11 केवी लाइनों की बिजली आपूर्ति सुबह 9 से सायं 5 बजे तक आंशिक रूप से बाधित रहेगी। उन्होंने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### 14 तक बंद रहेगी कोहली-ताल-चमनेड़ सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कोहली-ताल-चमनेड़ सड़क के मरम्मत कार्य के कारण इस सड़क पर यातायात 14 नवंबर तक बंद किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि उक्त सड़क के मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए उक्त सड़क पर वाहनों की आवाजाही बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक गुलेला या समराला चौक या फिर अमनेड चैक-कैहरवीं चौक से आवाजाही से कर सकते हैं। उन्होंने सहयोग की अपील की है।

### आस्था नारा लेखन में पहले स्थान पर



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 32वां बाल विज्ञान सम्मेलन हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में आयोजित किया। जिसमें जिला स्तरीय नारा लेखन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर की छात्रा ने जिला भर में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रधानाचार्य पूनम चौहान ने आस्था शर्मा की इस उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि आस्था शर्मा राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन में हमीरपुर जिला का प्रतिनिधित्व करेगी।

### स्वतंत्रता सेनानी सीता राम जैन की पत्नी जमना जैन का निधन



**नादौन।** नादौन शहर के वार्ड नं. 3 की निवासी 104 वर्षीय जमना देवी जैन पत्नी स्वतंत्रता सेनानी सीता राम का निधन हो गया है। उनके निधन से क्षेत्र में शोक है। काफी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### गुड गवर्नेंस इंडेक्स में सराहनीय प्रदर्शन पर डीसी ने सीएम, मुख्य सचिव सहित सभी का जताया आभार

# तृतीय पुरस्कार के रूप में मिले 25 लाख रुपए

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

डिस्ट्रिक्ट गुड गवर्नेंस इंडेक्स में जिला हमीरपुर ने एक बार फिर सराहनीय प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इस पुरस्कार के रूप में हमीरपुर जिले को 25 लाख रुपए की राशि मिली है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को शिमला में हमीरपुर के उपायुक्त अमरजीत सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया था। इस पुरस्कार के लिए जिला के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों और समस्त जिलावासियों को बधाई देते हुए उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन, अधिकारियों-कर्मचारियों की पूरी टीम की मेहनत तथा सभी जिलावासियों के सहयोग से हमीरपुर को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, सभी अधिकारियों-कर्मचारियों तथा जिलावासियों का आभार व्यक्त करते हुए अमरजीत सिंह ने कहा कि सीएम के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशों के अनुसार जिला हमीरपुर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की पूरी टीम लगातार समर्पण भाव से कार्य करेगी। (अनंत ज्ञान)







हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह, (दाएं) 25 लाख रुपए का चेक जो इनाम में मिला है।

#### जिला सुशासन सूचकांक में आठ मूल विषय थे शामिल

उपायुक्त ने बताया कि जिला सुशासन सूचकांक में आठ मूल विषय जैसे- आवश्यक बुनियादी ढांचा, मानव विकास, सामाजिक संरक्षण, महिला एवं बाल विकास, कानून व्यवस्था, पर्यावरण, पारदर्शिता एवं जवाबदेही और आर्थिक प्रदर्शन आदि शामिल किए गए हैं। इन सभी मानकों में जिला हमीरपुर का प्रदर्शन सराहनीय रहा है।

### 20 तक प्रकाशित होंगे एसजीपीसी की मतदाता सूचियों के प्रारूप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी अमरजीत सिंह ने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के चुनावों के लिए मतदाता सूचियों के प्रारूप 20 नवंबर तक प्रकाशित किए जाएंगे और 21 नवंबर से इन प्रारूप के संबंध में दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। उन्होंने सभी एसडीएम को मतदाता सूचियों का विवरण 13 नवंबर तक उपायुक्त कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

### नादौन कॉलेज का दल युवा महोत्सव के लिए हुआ रवाना

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन के छात्र-छात्राओं का दल युवा महोत्सव ग्रुप-3 में भाग लेने के लिए गौतम कॉलेज हमीरपुर में भाग लेने के लिए रवाना हुआ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम ने टीम संरक्षक डॉ. सुनीता सकलानी व प्रो. रुचि सांगल के नेतृत्व में 14 छात्र-छात्राओं के दल को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देने के लिए भी प्रेरित किया। गौर है इससे पूर्व युवा महोत्सव ग्रुप 1 के इवेंट्स बिलासपुर एवं ग्रुप 2 के इवेंट्स जिला मंडी के करसोग में संपन्न हुए थे जिसमें नादौन कॉलेज का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा था। (अनंत ज्ञान)



**आयोजन** विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में लोहडर पंचायत के ग्रामीणों की समस्याओं का किया समाधान

# हर पंचायत को मजबूत और समृद्ध स्थान बनाएंगे : लखनपाल

**एसके ठाकुर, बड़सर**

बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत लोहडर पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इनमें अम्बोहा, रोपड़ी, सुफाण, उलेड़, कन्नड़, चोआ, जन्द्रोह, धमाणी और खनसरा गांव शामिल रहे। विधायक का क्षेत्र में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरे के दौरान विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने जनता की समस्याओं को सुना और उनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित समस्याओं का शीघ्रता से निवारण किया जाए। विधायक ने इस दौरान कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही मेरी प्राथमिकता है। मेरा उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास में हरसंभव योगदान देना है। अब तक लोहडर पंचायत के विकास कार्यों के लिए उनकी विधायक निधि से 30 लाख रुपए की राशि जारी की जा चुकी है। इस राशि का उपयोग सड़क निर्माण, जल आपूर्ति, सामुदायिक भवन, और शैक्षणिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने में किया जा रहा है।



विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के साथ ग्रामीण।

उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में पंचायत के हर गांव के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इनमें जिला परिषद सदस्य राजेश मांगा, बीडीसी सदस्य शर्मिला, पंचायत प्रधान इंदुबाला और पंचायत उपप्रधान रमेश चंद विशेष रूप से मौजूद रहे। इन जनप्रतिनिधियों ने विधायक के साथ क्षेत्र के विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की और पंचायत की लंबित समस्याओं का आकलन किया। उन्होंने विधायक लखनपाल के सहयोग और मार्गदर्शन को क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण बताया और कहा कि विधायक का समर्थन पंचायत के उत्थान के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इस दौरान संवाद कार्यक्रम में विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि जनता ने मुझे एक बार फिर सेवा का अवसर दिया। मेरा संकल्प है कि इस क्षेत्र का संपूर्ण विकास किया जाए, जिसमें युवाओं को सशक्त बनाया जाए, बुजुर्गों का सम्मान हो और हर नागरिक की जरूरतों का ध्यान रखा जाए। मैं आपके साथ हूं और रहूंगा। आने वाले समय में हम सभी मिलकर हर पंचायत को एक मजबूत और समृद्ध स्थान बनाएंगे। जनता ने विधायक की इस जनहितैषी पहल की सराहना की और विधायक के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा और नई ऊंचाइयों को छुएगा। (अनंत ज्ञान)

दि महालक्ष्मी वहुउद्देशीय सहकारी सभा सुकडया
डा. जनसुह, तहसील नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा

दि महालक्ष्मी वहुउद्देशीय सहकारी सभा सुकडया, डा. जनसुह, तहसील नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) में एक सहायक सचिव की नियुक्ति की जानी है। जिसके लिए कोई भी प्रार्थी 18.11.2024 तक आवेदन कर सकता है। जिसके लिए सभा सचिव से मोबाइल नं. 94182-81009 पर संपर्क कर जानकारी उपलब्ध कर सकता है।

सचिव , दि महालक्ष्मी वहुउद्देशीय सहकारी सभा सुकडया
डा. जनसुह, तहसील नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

## न्यूज ब्रीफ

### आनी कॉलेज में दिसंबर में होगी एलुमिनी मीट



**आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में सोमवार को कॉलेज पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता कॉलेज प्रॉचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने की। बैठक में पूर्व छात्र संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष दिवान राजा ने कार्यकरिणी के समक्ष ओएसए द्वारा आयोजित होने वाले गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसके अंतर्गत ओएसए में सदस्यता अभियान चलाने पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त दिसंबर माह में एलुमिनी मीट करवाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व छात्र संघ की स्मारिका प्रकाशित करने पर भी सहमति बनी। इसके लिए कॉलेज के पूर्व छात्रों से अपने कॉलेज से संबंधित अनुभवों से जुड़े लेख, रचनाएं आदि देने का भी आह्वान किया गया है। स्मारिका के लिए लेख देने के लिए पांच दिसंबर तक का समय निर्धारित किया गया। इस बैठक में प्रोफेसर नरेंद्र पॉल, डॉ. रजनीश ठाकुर सहित ओएसए अध्यक्ष दिवान राजा, उपाध्यक्ष प्रो. सीमा, महासचिव प्रो. निर्मल, सहसचिव राहुल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### आज मनाया जाएगा खंड स्तरीय बाल मेला

**बंजार।** पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैंज के प्रांगण में मंगलवार को एकदिवसीय खंड स्तर बाल मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें दस क्लस्टर के लगभग 250 बच्चे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने सैंज पहुंच गए हैं। खंड स्तरीय बाल मेले के मीडिया को-ऑर्डिनेटर दूनी चंद महंत ने बताया कि प्राथमिक शिक्षा खंड सैंज द्वारा आयोजित इस बाल मेले में दस क्लस्टर के सैकड़ों बच्चे भाग लेंगे, जिसके लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बाल मेले में पंचायत धाऊगी की प्रधान विमला देवी मुख्यातिथि के रूप में मेले का शुभारंभ करेंगी, जबकि खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी कुलदीप कुमार विशेषातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस बाल मेले में पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों के बीच विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजित करवाई जाएंगी, जिसमें मुख्य तौर पर आलू चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, पेंटिंग, क्विज कंपटीशन, फैंसी ड्रेस, सोलो सोंग, ग्रुप सांग, कैरम बोर्ड, ग्रुप डांस साइंस मॉडल, चैस आदि कई प्रकार की खेल गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। दूनी चंद ने बताया कि इस बाल मेले में प्रतिस्पर्धा के दौरान बीस लड़के व बीस लड़कियां जिला स्तर के लिए चुनी जाएंगी तथा 14 नवंबर को जिला स्तरीय बाल मेला आयोजित किया जाएगा।

### अभिभावकों व बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का उठाया लुत्फ



**मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल में नर्सरी से लेकर चौथी कक्षा तक का 'परंपरा' कक्षा सांस्कृतिक समारोह विद्यालय में तीन सत्र में धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के विभिन्न संगठन जैसे एनसीसी, एनएसएस और ईको क्लब ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगाए थे। आए हुए अभिभावकों तथा बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का खूब लुत्फ उठाया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के कार्यक्रम अलग-अलग मुख्यातिथियों की उपस्थिति में आयोजित किए गए, जिन्होंने बच्चों के उत्साह और कला की सराहना की। नर्सरी से यूकेजी कक्षाओं के कार्यक्रम में सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता मेहंदी मुख्यातिथि रही। उन्होंने बच्चों की मासूमियत और रंगारंग प्रस्तुतियों की सराहना की। इसके बाद, कक्षा पहली और दूसरी के कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कुंज लाल दामोदरी ट्रस्ट के अध्यक्ष, समाजसेवक व वरिष्ठ अधिवक्ता छविंदर ठाकुर उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों को प्रोत्साहन दिया और स्कूल की शिक्षा पद्धति की प्रशंसा की। तीसरी और चौथी कक्षाओं के कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली की संस्थापक, पूर्व प्रधानाचार्य रीतिंद्र गुरुंग मुख्यातिथि रहीं। उन्होंने बच्चों के समर्पण और शिक्षकों के प्रयास की प्रशंसा की, साथ ही स्कूल की शिक्षा गुणवत्ता को और ऊंचाई पर ले जाने की बात कही। इस भव्य आयोजन में बच्चों ने विभिन्न राज्यों से संबंधित समूहनृत्य और समूह गान प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। बच्चों की इस कला और जोश ने सभी उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा अपना समय निकालकर बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उनका धन्यवाद किया।

### आनी करेगा खो-खो प्रतियोगिता की मेजबानी



**आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतरराज्यीय पुरुष वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा ।प्रॉचार्य डा. कुंवर दिनेश सिंह ने बताया कि आनी कॉलेज में करीब 15 वर्षों बाद यह आयोजन हो रहा है, जिसमें प्रदेश के 30 से अधिक कॉलेजों के करीब 600 छात्र खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर कर ली गई हैं। इस दौरान खिलाड़ियों व अन्य अतिथियों के खाने-पीने, ठहरने की उचित व्यवस्था की जाएगी। मैदान को खेलने के लिए बिलकुल तैयार कर लिया गया है। आयोजन के दौरान बेहद रोमांचकारी मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिसके लिए ओएसए, पीटीए, स्टाफ, अभिभावकों व अन्य छात्र संघों समेत एनएसए, एनसीसी, रोवर एंड रेंजर्स और अन्य गठित कमेटियों का भरपूर सहयोग मिलेगा। करीब 15 सालों बाद इस तरह का आयोजन आनी कॉलेज में हो रहा है, जो सौभाग्य की बात है। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान ओएसए अध्यक्ष दिवान राजा, प्रो. नरेंद्र पॉल, प्रो. रजनीश आदि मौजूद रहे।

### कुल्लू पुलिस टीम ने सुलझाया 12 बोर की छह बंदूकें चोरी का केस

# पति–पत्नी सहित एक अन्य गिरफ्तार



बंदूकघर से 12 बोर की छह बंदूकें चोरी के मामले में संलिप्त आरोपी कुल्लू पुलिस जांच टीम के साथ।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने कहा कि जिला मुख्यालय कुल्लू में हाल ही में बंदूकों की चोरी के मामले में पुलिस ने पति, पत्नी व एक अन्य पुरुष को गिरफ्तार किया है।

कुल्लू में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आरोपी मंगलवार तक पुलिस रिमांड में है और अभी तक हुई जांच व पूछताछ में यह बात सामने आई है कि बंदूक चोरी में संलिप्त चोरों की मंशा इन बंदूकों के माध्यम से और चोरी करने की थी। बंदूकों की चोरी का मामला इसलिए संगीन है क्योंकि चोरी किए गए बंदूकों का इस्तेमाल गलत कार्य के लिए हो सकता था और इसी को देखते हुए पुलिस ने इस मामले में गंभीरता से जांच करते हुए सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले को सुलझाने में सफलता प्राप्त की है।

जिला मुख्यालय ढालपुर में स्थित बंदूक घर में 1 नवंबर की रात को एक दुकान से करीब 6 बंदूकों की चोरी हो गई थी और ऐसे में पुलिस के सामने चुनौती ये थी कि बंदूक घर का सीसीटीवी भी चोरी के समय बंद था, जिस कारण पुलिस को बंदूक घर के बाहर अन्य जगहों पर लगे सीसीटीवी को खंगालने की जरूरत पड़ी और इस दौरान सभी कड़ियों को जोड़ते हुए कुल्लू पुलिस की टीम ने मामले को सुलझा कर वारदात में शामिल सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। इस पूरे मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को कुल्लू पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

एसपी कुल्लू ने बताया कि सभी आरोपियों को पुलिस रिमांड में रखा गया है और पुलिस ने पूछताछ में पता लगाया कि तीनों आरोपी इन बंदूकों को चोरी कर अन्य चोरी की अन्य वारदातों में इस्तेमाल करना चाहते थे। एसपी ने बताया कि इस मामले में जांच अभी जारी है और चोरी के पीछे के अन्य कारणों के बारे में पुलिस गहनता के साथ जांच कर रही है और जल्द ही अन्य तथ्यों को सामने लाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

#### बंदूक घर का सीसीटीवी बंद होना संदिग्ध

**बंदूक** घर से हुई बंदूकों की चोरी के मामले में सीसीटीवी के बंद होने के कारण मामला संदिग्ध हो गया है क्योंकि एक साथ इतनी सारी बंदूकों का चोरी होना मामले की गंभीरता को बयां कर रहा है। एसपी कुल्लू कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि बंदूक घर में चोरी की रात को बंदूकघर में लगे हुए सीसीटीवी को बंद किया गया था, जिस कारण पुलिस को मामला सुलझाने में परेशानी हो रही थी। पुलिस ने अपनी जांच को आगे बढ़ाते हुए आरोपियों को पकड़ने के साथ-साथ नाले से छुपा कर रखी गई बंदूकों को भी बरामद कर लिया है।

#### ये हैं बंदूक चोरी में संलिप्त आरोपी

**बंदूक** चोरी पुलिस गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 25 वर्षीय कन्याकुमारी उर्फ शांता, पत्नी विनोद कुमार निवासी गांव घल्याणा डाकघर भल्याणी तहसील व जिला कुल्लू व 25 वर्षीय डैनी पुत्र लीला चंद गांव पेडचा डाकखाना भीया तहसील बंजार और तीसरे आरोपी की पहचान 31 वर्षीय विनोद के रूप में हुई है।

## ध्रुव सेठी 50– 60 किलो भार वर्ग में बने मिस्टर हिमालय




ढालपुर स्थित देव सदन कुल्लू में राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के विजेता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के ढालपुर स्थित देव सदन कुल्लू में राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में म्यूजिक की मधुर धुन पर प्रदेश भर के बॉडी बिल्डिंग अपने गठीले बदन को प्रदर्शित करते नजर आए और सैकड़ों की संख्या में दर्शकों ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

भुंतर के ध्रुव सेठी ने मिस्टर हिमालय 50-60 किलो भार में पहला स्थान हासिल किया। ध्रुव शेट्टी ने पहला स्थान झटकने पर अपने माता-पिता व प्रदेशभर में जिला कुल्लू का नाम भी रोशन किया। इस उपलब्धि के बाद ध्रुव सेठी को परिजनों व मित्रगणों से बधाइयां मिलना शुरू हैं। वहीं, आयोजकों का कहना है कि इस तरह की प्रतियोगिता करवाने का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से दूर रखना और उन्हें अपने स्वास्थ्य और मजबूत शरीर बनाने के लिए प्रेरित करना है। भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप व उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, रोशन लाल, सुनील चौहान सहित सभी सदस्यों ने ध्रुव सेठी को बधाई दी। समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग एक कठोर अनुशासन है। इस तरह के मंच को जीतने के लिए कठोर परिश्रम की जरूरत होती है। युवा पीढ़ी अपने अंदर खेल प्रतियोगिता का नशा भरे और मानव जीवन खराब करने वाले खतरनाक नशे से हमेशा दूर रहे।

## शिंकुला और बारालाचा सहित ऊंची चोटियों में गिरे बर्फ के फाहे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल–स्पीति व रोहतांग की ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरने का भी क्रम शुरू हो गया है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की है। सोमवार को शिंकुला व बारालाचा दर्रे सहित रोहतांग की ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे। बादल छा जाने से रोहतांग के निकटवर्ती पर्यटन स्थलों मढ़ी, राहनीनाला, कोकसर व अटल टनल में भी बर्फबारी की उम्मीद बढ़ गई है।

लंबे समय से सूखे की मार झेल रहे किसानों व पर्यटन कारोबारियों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। बर्फ की उम्मीद लिए रोहतांग दर्रे में चार सौ से अधिक पर्यटक वाहन पहुंचे। बर्फ न पड़ने से उन्हें निराशा हुई, लेकिन आने वाले दिनों में मौसम पर्यटकों पर मेहरबान हो सकता है। शिंकुला व बारालाचा दर्रे में बर्फ के फाहे गिरे, लेकिन



लेह लद्दाख सहित जंस्कार घाटी की ओर वाहनों की आवाजाही सुचारु रही। रोहतांग के पर्यटन कारोबारी रमेश, जगदीश व पूर्ण ने बताया कि सोमवार को दर्रे में बादल छाए। कुछ देर के लिए रोहतांग की ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे। हिमपात की उम्मीद बढ़ती देख पर्यटक खुश हुए, लेकिन बर्फ के फाहे दर्रे तक नहीं पहुंचे। दर्रे में ठंड बढ़ गई है। एसपी लाहौल–स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि सभी दर्रों में वाहनों की आवाजाही फिलहाल जारी है। दर्रों में बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया है।

## 27 को लोगों की नब्ज जांचेंगे विशेषज्ञ चिकित्सक

**मनाली।** 27 नवंबर को कुल्लू के उपमंडल नग्गर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नग्गर में घरद्वार पर ही लोगों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे। इस दिन मेडिसिन, ऑर्थो, गायनी और महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे और मरीजों का उपचार करेंगे। आयुष्मान जन आरोग्य के तहत विभाग ने स्वास्थ्य जांच शिविर का शेड्यूल जारी किया है। शेड्यूल के अनुसार नग्गर में विशेषज्ञ सेवा में रहेंगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के तहत करीब पांच से सात पंचायतें आती हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नग्गर में 27 नवंबर को ग्रामीणों को घरद्वार स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। मरीजों का मेडिसिन, हड्डी और गायनी संबंधी बीमारियों का उपचार किया जाएगा। इस संबंध में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा कि नवंबर के अंतिम सप्ताह की 27 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नग्गर में आयुष्मान जन आरोग्य के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा।

## बॉक्सिंग में विवेक ने झटका गोल्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

मन में अगर कुछ करने की इच्छा हो तो हर मंजिल आसान होती है। यह बात जगतसुख के विवेक ठाकुर ने सिद्ध कर दिखाई है। हमीरपुर के गांधी चौक हमीरपुर में पुरुषों की 53वें सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में विवेक ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता के 70 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल झटका है। घर पहुंचने पर विवेक का जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने विवेक के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित किया।

विवेक ने अपने गुरु मानक व सक्षम ठाकुर सहित अपने बड़े भाई को इस सफलता का श्रेय दिया। विवेक अब राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे। मध्यम परिवार में जन्में विवेक ने कड़ी मेहनत से प्रयास किया और बाक्सिंग में नए आयाम स्थापित किए। इससे पहले विवेक ने इंटर कॉलेज में आयोजित बाक्सिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता। जगतसुख के ग्रामीणों ने अपने होनहार युवा का स्वागत कर हौंसला बढ़ाया और भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



विवेक ने बताया कि वह मध्यम परिवार से संबंध रखते हैं। पिता हेमराज का साया सर से उठ गया है। उन्होंने बताया कि उन्हें भाई नरेश ठाकुर का भरपूर सहयोग मिला। इसी कारण वह इस मुकाम पर पहुंच पाया है। भाई के साथ-साथ गुरु मानक व सक्षम का भी उन्हें पूरा आशीर्वाद मिला है। विवेक ने कहा कि वह अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगे और प्रदेश के लिए मेडल लाएंगे। हमीरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय इस बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रदेशभर से सौ से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। विधायक भुवनेश्वर गौड़ सहित कांग्रेस नेता हरि चंद शर्मा, प्रधान बुध राम, कांग्रेस नेत्री मीरा शर्मा, राजेश शर्मा, विवेक की माता देबकु देवी सहित समस्त ग्रामीणों ने बधाई दी।

## पूर्व छात्र संघ का कार्यक्रम एक दिसंबर को मनाया जाएगा



**पतलीकूहल।** सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं संकुल पूर्व छात्र संघ की द्वितीय बैठक पूर्व छात्र भूपेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि पूर्व छात्र संघ का कार्यक्रम 1 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। सभी पूर्व छात्रों से निवेदन किया कि वे इस दिन उपस्थित रहें। साथ ही, पूर्व छात्रों को सूचना देने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। इस कार्यक्रम में पूरे कटराई संकुल के पूर्व छात्रों की भागीदारी अपेक्षित है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## भाग–दौड़ भरी जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर मुद्दा : डॉ. राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हेल्पेज इंडिया द्वारा कुल्लू में बुजुर्गों के लिए एकदिवसीय मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला रेडक्रॉस सोसायटी से रीहेब सायकोलॉजिस्ट अनिता देवी व डॉ. हेमा शर्मा ने बतौर विशेषज्ञ प्रशिक्षक ने भाग लिया।

अनीता देवी ने बुजुर्गों में पाए जाने वाली बीमारियों से कैसे साइकोलॉजी के माध्यम से उपचार किया जाता है व इसके लक्षण एवं निदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉक्टर हेमा शर्मा द्वारा बुजुर्गों में पाई जाने वाली बीमारी जैसे अल्जाइमर व डेमोंनीशिया आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। हेल्पेज



कुल्लू में आयोजित सार्थक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग।

इंडिया के राज्य प्रमुख डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर मुद्दा बनता जा रहा है। आज भारत में लगभग 30 फीसदी बुजुर्ग लोग किसी न किसी मानसिक परेशानियों से गुजर रहे हैं। हेल्पेज इंडिया पूरे भारत में इस विषय को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन कर रही है, जिसमें हेल्थ वर्कर्स, वृद्ध आश्रम के देखभाल कर्ता व वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को कुल्लू के बुजुर्गों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के बीच एक जागरूकता अभियान का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें कुल्लू के वरिष्ठ नागरिकों व स्वास्थ्य वर्कर्स ने हिस्सा लिया।

## 15 नवंबर को होगा जनजातीय गौरव उत्सव : राहुल कुमार

**केलांग।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर लाहौल–स्पीति में जनजातीय गौरव उत्सव का आयोजन 15 नवंबर को पुराने सर्किट हाउस के प्रांगण में किया जाएगा। यह जानकारी डीसी लाहौल–स्पीति राहुल कुमार ने जनजातीय गौरव उत्सव की तैयारी के संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जनजातीय गौरव उत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, मैराथन और पेंटिंग कंपटीशन भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम के बारे में आम जनता को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्सव अभियान के अंतर्गत चयनित पंचायतों में 15 को ग्रामसभा के आयोजन के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए होर्डिंग बैनर से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग के अधिकारियों को उत्सव के दौरान निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व कृषि, बागवानी, वन विभाग को प्रदर्शनियां लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के अधिकारियों को गौरव उत्सव के दौरान स्वयं सहायता समूह के माध्यम से एक फूड स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान एक मैराथन का आयोजन भी किया जाएगा। सांस्कृतिक, पेंटिंग व मैराथन में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**बैठक** संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक मंत्रालय केंद्र सरकार ने की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

# लाहौल–स्पीति में 31 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों को मिली स्वीकृति : राम सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति में केंद्र सरकार की ओर से संचालित प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत निर्मित होने वाली विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन डीसी कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में किया गया।

इस बैठक की अध्यक्षता संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक मंत्रालय, केंद्र सरकार राम सिंह ने की। डीसी लाहौल–स्पीति राहुल कुमार ने मुख्याातिथि का स्वागत किया तथा टोपी व खतक पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम का उद्देश्य देश के अल्पसंख्यक जनसख्या जहां–जहां निवास करती हैं, उस क्षेत्र के समाजिक व आर्थिक विकास के लिए अधोंसरचना को सुदृढ़ करना है। लाहौल–स्पीति के लिए प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत लगभग 31 करोड़ की लागत के विभिन्न विकासकार्य को अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक मंत्रालय राम सिंह।

#### केंद्र के अल्पसंख्यक मामले मंत्री जल्द करेंगे दौरा

**अल्पसंख्यक** मामले मंत्री केंद्र सरकार जल्द ही लाहौल-स्पीति का दौरा करेंगे और इस क्षेत्र के लिए नई योजनाएं स्वीकृत करेंगे। उन्होंने शिक्षा विभाग के उपनिदेशक को निर्देश दिए कि जनजातीय जिले की विभिन्न पाठशालाओं में अध्यनरत विद्यार्थियों को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न छात्रवृत्तियों के संदर्भ में जानकारी प्रदान करें, ताकि जरूरतमंद विद्यार्थी इनका लाभ उठा सकें और धन की कमी के कारण कोई प्रतिभावान विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित न रहे।

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम स्वीकृत सभी कार्यों के बारे में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा इस संबंध में किए जाने वाली दस्तावेज प्रकिया को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि जल्द इन कार्यों को पूरा करने के लिए निविदा प्रक्रियों को शुरू किया जा सके। 15 किलोमीटर के जिस क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय की जनसख्या 25 प्रतिशत हो, उसी क्षेत्र में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत स्वस्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, खेल, पेयजल, स्वच्छता, सौर उर्जा सहित महिला केंद्रित कार्यक्रमों और परियोजनाओं का निमार्ण किया जा सकता है और इसके लिए भूमि की उपलब्धता से संबंधित पूरी दस्तावेजी प्रकिया पहले ही शत प्रतिशत पूर्ण होनी चाहिए, ताकि योजना का कार्य तयसमय अवधि पर पूर्ण होने सहित, अल्पसख्यंक समुदाय को इनका लाभ समय पर मिल सके। बैठक में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

#### विभिन्न विकास कार्यों बारे चर्चा

**बैठक** के दौरान उपपर्वतीय संस्थान जिस्पा के तहत स्पोर्ट्स कलाइंबिग दीवार, इसी केंद्र के लिए खेल, राहत व बचाव संबंधित उपकरण खरीद तथा सौर उर्जा प्रणाली स्थापना, क्षेत्रीय अस्पताल केलांग के लिए सौर उर्जा प्रणाली स्थापना, पंचायत गौंधला के लिए पेयजल योजना, उपपर्वतीय संस्थान जिस्पा में स्टूडेंट्स के लिए छात्रावास, जिले के 60 विभिन्न राजकीय पाठशालाओं में सौर उर्जा प्रणाली स्थापना, पंचायत यूरनाथ में सामुदायिक केंद्र व वन स्टाप सैंटर के निर्माण बारे, मियाड़ वैली में पर्यटक सूचना केंद्र भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों बारे चर्चा हुई।

## कुल्लू में इस वर्ष मात्र 102860 मीट्रिक टन रहा सेब उत्पादन

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु परिवर्तन से जिला कुल्लू में यहां की मुख्य नकदी फसल सेब के उत्पादन में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। अगर पिछले वर्षों के आकड़ों का आंकलन किया जाए, तो जिले में वर्ष 2023–24 में 51 लाख 43 हजार सेब की पेटियों का उत्पादन हुआ, जिससे जिले में 412 करोड़ का कारोबार हुआ।

कुल्लू में 2022–23 में 72 लाख 55 हजार 137 सेब की पेटियों का उत्पादन हुआ था, जिससे तकरीबन 600 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था, जिसमें कुल्लू खंड में 17 लाख 98 हजार 778 पेटी, नग्गर में 24 लाख 81 हजार 660 पेटी, बंजार में 10 लाख 49 हजार 700 पेटी, आनी में 10 लाख 2 हजार 500 पेटी व निरमंड खंड में 9 लाख 22 हजार 500 सेब की पेटियों का उत्पादन हुआ था। वर्ष 2023–24 कुल्लू खंड में 13 लाख 12 हजार 900 पेटी सेब, नग्गर खंड में 19 लाख 44 हजार 500 पेटी, बंजार खंड में 7 लाख 35 हजार 600 पेटी, आनी में 6 लाख 25 हजार व निरमंड खंड में 5 लाख 25 हजार सेब की पेटियों का उत्पादन हुआ, जो कि गत वर्ष से 30 फिसदी कम है। इस वर्ष आरंभ से ही सब्जी मंडियों में सेब दाम में स्थिर रहने से अच्छी आमदनी हुई, जबकि गत वर्ष से तकरीबन 30 फिसदी सेब की पैदावार



कम थी। कुल्लू के बागवानी उपनिदेशक डॉ. नीना ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग व जलवायु परिवर्तन ने सेब के उत्पादन को प्रभावित किया है, लेकिन जिस तरह से अब लोग सघन बागवानी की ओर बढ़ रहे हैं, उससे आने वाले तीन–चार वर्षों में सेब के उत्पादन में अधिक बढ़ोतरी होगी क्योंकि हाई डेनसिटी के पौधों के लगाने से उत्पादन पर इसका अनुकूल प्रभाव पड़ेगा और बागवान अरली वरायटी वाले पौधों के लगाने से मार्किट में भी सेब को जल्द लाने में समर्थ होंगें। हर वर्ष सेब क फूल खिलने की अवस्था व ओलावृष्टि से बागवानों को बड़ी हानि होती है क्योंकि प्रकृति के प्रकोप पर किसी का वश नहीं होता है, लेकिन उत्पादन को बढ़ाने के लिए हाई डेनसिटी वाले सेब के पौधों के रोपण अवश्य उत्पादन में बढ़ोतरी होगी, जिसके लिए विभाग बागवानी अनुसंधानों केंद्रों व औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय से अनुमोदित सेब की कई प्रकार की प्रजातियों को बाहर से आयात कर बागवानों को उन नई प्रजातियों के पौधों का हर वर्ष आवंटन करते हैं। (अनंत ज्ञान)



# व्यवस्था परिवर्तन से प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प : सुक्खू

## सीएम ने कहा- प्रदेश को राज्य सरकार वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर, 2032 तक सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रयासरत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने सिरमौर के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के तहत भूरेश्वर महादेव मंदिर में शीश नवाने के बाद क्वागधार में जनसभा को संबोधित किया।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन से हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है और अनेक सुधारों के परिणामस्वरूप प्रदेश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है। हिमाचल प्रदेश को राज्य सरकार वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर तथा वर्ष 2032 तक सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रयासरत है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं और मक्की को क्रमशः 40 और 30 रुपए प्रति किलो के दाम पर खरीदा जा रहा है। गाय के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 32 से बढ़ाकर 45 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध का 47 से 55 रुपए प्रति लीटर किया गया है। मनरेगा की दिहाड़ी को बढ़कार 300 रुपए किया गया है। सुक्खू ने ल्वासा चौकी से चंडीगढ़ सड़क को चौड़ा करने के निर्देश दिए। भूरेश्वर महादेव क्षेत्र को ईको टूरिज्म की दृष्टिगत से विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की आर्थिकी मजबूत होगी तथा क्षेत्र के लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।


सिरमौर के पच्छाद उपमंडल में पहुंचने पर मुख्यमंत्री को तलवार भेंट करते कांग्रेसी।

राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े बदलाव ला रही है, जिसके सकारात्मक परिवर्तन सामने आ रहे है। वर्तमान राज्य सरकार ने 6000 अध्यापकों के पद स्वीकृत किए हैं। 3000 अध्यापकों को बैचवाइज नियुक्ति प्रदान कर दी गई है तथा 3000 पदों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। वर्तमान सरकार नए संस्थान खोलने की बजाए पहले से खोले गए संस्थानों में अधोसंरचना तथा स्टाफ प्रदान करने को प्राथमिकता दी रही है, ताकि बच्चों को सरकारी स्कूलों में बेहतर एवं गुणात्मक शिक्षा प्रदान की जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने चुनावी लाभ के दृष्टिगत बिना किसी बजट प्रावधान के नए स्कूलों की अधिसूचनाएं जारी की, जिनमें सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं किया गया। पूर्व सरकार की नीतियों के कारण हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा के मामले में देश भर में 21वें स्थान पर पहुंच गया है। वर्तमान राज्य सरकार हर क्षेत्र में सुधारात्मक कदम उठा रही है और इसमें आ रही बाधाओं को जन सहयोग से पार किया जा रहा है।

## सीएम ने भूरेश्वर मंदिर में 51 फुट ऊंची प्रतिमा का किया लोकार्पण


मुख्यमंत्री भूरेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

**अनंत ज्ञान, राजगढ़ /नाहन**

सिरमौर जिले के पच्छाद उपमंडल में कवागधार स्थित भूरेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में भगवान शिव की 51 फुट ऊंची विशाल प्रतिमा स्थापित हो गई है।

सोमवार को ग्यास पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस अद्भुत प्रतिमा को शिव भक्तों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह स्थल श्रद्धा और आध्यात्म का अनूठा केंद्र बनेगा। इसके अलावा सीएम ने कवागधार हेलिपैड व वन वाटिका का भी उद्घाटन किया। शिव प्रतिमा के ठीक नीचे 11 ज्योतिर्लिंग भी स्थापित किए गए हैं, जो इस स्थल की शोभा को चार चांद लगाएंगे। तकरीबन 6,000 फुट की ऊंचाई पर स्थापित की गई प्रतिमा से चूड़धार की मनोरम चोटी का अद्भुत दृश्य भी दिखाई देता है, जो इसे और भी खास बनाता है।

### शिव प्रतिमा के नीचे 11 ज्योतिर्लिंग स्थापित

**भगवान** शिव की यह प्रतिमा पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध मूर्तिकार समीर पट्या ने डेढ़ से दो साल की मेहनत से तैयार की है। गुफा के आकार के बेस पर बनी इस प्रतिमा की खासियत यह है कि साफ मौसम में यह हरियाणा के मैदानी इलाकों से भी देखी जा सकेगी। मान्यता है कि यहीं से भगवान शिव और माता पार्वती ने महाभारत के कुरुक्षेत्र युद्ध को देखा था, जिससे इस प्रतिमा का धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। भूरेश्वर महादेव मंदिर समिति ने इस प्रतिमा के निर्माण पर करीब एक करोड़ रुपए की राशि खर्च की है, जिसमें से लगभग 60 प्रतिशत खर्च जुलाई तक हो चुका था। प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग ने भी मंदिर की कार्याकल्प योजना के अंतर्गत 36 लाख रुपए स्वीकृत किए थे, जिसके अंतर्गत क्वागधार से मंदिर तक का ट्रैकिंग रूट भी विकसित किया गया है। इस रास्ते में पर्यटकों के बैठने के लिए बेंच लगाए गए हैं। मूर्तिकार समीर पट्या ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऊंची चोटी पर शिव प्रतिमा का निर्माण उनके लिए एक विशेष अवसर था। वे पिछले 22 साल से हिमाचल में हैं और मूर्ति निर्माण की कला उन्हें अपने चाचा से विरासत में मिली है। यह स्थान उनके लिए खास है, जहां से भगवान शिव ने कुरुक्षेत्र युद्ध को देखा था। आस्था, प्रकृति और अद्वितीयता का मिलन भूरेश्वर महादेव मंदिर सिरमौर जिले में एक अद्वितीय धार्मिक स्थल के रूप में उभर रहा है। यहां भगवान शिव की प्रतिमा न केवल शिव भक्तों को आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है, बल्कि यह हिमाचल के पर्यटन में भी नए आयाम जोड़ रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री रेणुकाजी तीर्थ में किया गया हवन यज्ञ



**नाहन।** अंतरराष्ट्रीय मेले के आगाज पर श्री रेणुकाजी तीर्थ में हवन यज्ञ किया गया। इस मौके पर सदस्य सचिव श्री रेणुकाजी विकास बोर्ड एवं एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने मंदिर परिसर में विधिवत हवन पूजन किया। इस दौरान क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। हवन यज्ञ में रेणुकाजी विकास बोर्ड के सदस्य इंद्र प्रकाश गोयल समेत अन्य सदस्यों के अलावा श्रद्धालु भी मौजूद रहे। ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री रेणुकाजी को समर्पित रेणुकाजी उत्सव पर भगवान परशुराम अपनी मां श्री रेणुकाजी से मिलने पहुंचेंगे। मां-बेटे के इस भव्य मिलन को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु भी उत्सुक हैं।

### डॉ. रविंद्र नाथ टैगोर की दिखाई डॉक्यूमेंट्री



**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट कॉलेज में हिंदी विभाग की साहित्यिक सभा आत्माभिव्यक्ति के बैनर तले विद्यार्थियों को डॉ. रविंद्र नाथ टैगोर की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। यह डॉक्यूमेंट्री तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को दिखाई गई, जिनके पाठ्यक्रम में डॉ. रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा रचित विश्वप्रसिद्ध कृति गीतांजलि पढ़ाई जा रही है। विभागाध्यक्ष सहायक ऑचार्य रचना तनवर ने बताया कि हिंदी साहित्यिक सभा विद्यार्थियों के लिए इस तरह के साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित करवाता रहता है। यह डॉक्यूमेंट्री संसद टीवी के यूट्यूब चैनल पर दो भागों में विभक्त है। डॉक्यूमेंट्री का रिव्यू देते हुए निशांत, आंचल, दामिनी, आरती, नकुल, याचना, श्वेता, भावना, ममता व अन्य विद्यार्थियों ने बताया कि इस डॉक्यूमेंट्री को देखने के पश्चात डॉ. रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन से जुड़े गहन पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी मिली। विद्यार्थियों ने कहा कि यह डॉक्यूमेंट्री उनके लिए बहुत उपयोगी थी और इससे उन्हें गीतांजलि की गहराई से समझने में मदद मिली।

### नाहन के तीन बच्चों ने पास की येलो बेल्ट परीक्षा



**नाहन।** सिरमौर जिले के मुख्यालय में चल रही माउंटेन मार्शल आर्ट्स डोजो में नाहन के तीन बच्चों ने येलो बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण कर अकादमी के साथ-साथ सिरमौर का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा 9 नवंबर को सोलन स्थित व्हाइट टाइगर मार्शल आर्ट्स अकादमी में ली गई थी। इस परीक्षा में दर्जनों स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया, जिन्होंने कराटे का प्रदर्शन किया। इस दौरान नाहन अकादमी की शिफा, फराज और दिव्यांश शर्मा ने अपनी कराटे की कला का अद्भुत प्रदर्शन कर इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया। डौजो एवं डब्ल्यूएसकेएफ के मुख्य प्रशिक्षक सेंसेई प्रवीण ने खुशी जताते हुए कहा कि अकादमी के तीन बच्चों ने सिरमौर का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा प्रदेश की वर्ल्ड शोतोकन कराटे फेडरेशन ऑफ हिमाचल प्रदेश की ओर से आयोजित की गई थी। परीक्षा के दौरान मुख्य परीक्षक इकबाल मलिक और सिरमौर औंध ओलहन नाहन के मुख्य प्रशिक्षक सेंसेई प्रवीण कुमार मौजूद रहे। प्रवीण ने बताया कि ये तीनों स्टूडेंट्स नाहन से संबंध रखते हैं। तीनों को बेल्ट के साथ-साथ सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। प्रवीण ने बताया कि इस परीक्षा में मुख्य तौर पर काता और कुमिते के साथ कराटे की बेसिक तकनीक को परखा गया।

### एसोसिएशन की सरकार से लंबित वित्तीय लाभ की मांग



**दाड़लाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट की मासिक बैठक मुख्य सलाहकार कमल ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। अध्यक्ष प्रेम केशव ने बताया कि बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें एक जनवरी, 2016 से पे रबिजन से संबंधित एरियर और एक जनवरी, 2023 से बड़ा एरियर तथा अन्य दे राशि न मिलने पर बोर्ड प्रबंधन से आग्रह किया। बैठक में यह भी आग्रह किया कि बोर्ड प्रबंधन कयुमटेसन से जुड़े मुद्दे पर पंजाब बिजली बोर्ड की तर्ज पर प्रदेश बोर्ड को राहत प्रदान करें। इसके अलावा बिजली बोर्ड से जो भिन्न-भिन्न पदों पर बिना वजह से बोर्ड कर्मचारियों को परेशानगी पर भी बोर्ड प्रबंधन से सही प्रावधान करने का आग्रह किया गया। इस मुद्दे पर सेवानिवृत्त एसोसिएशन बोर्ड के कर्मचारियों के साथ देने के लिए तैयार है। अध्यक्ष प्रेम केशव ने बताया कि 17 दिसंबर को पेंशन दिवस नम्होल विश्राम स्थल पर मनाया जाएगा और पेंशनरों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा तादाद उपस्थित सुनिश्चित कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### विजयी ने नवीन योजना उपहार का किया शुभारंभ



**सोलन।** विजयी फोरम सोलन ने नवीन योजना उपहार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर दीक्षा भारती, संस्था की सक्रिय सदस्य ने योजना का उद्घाटन किया। उपहार का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। इसके साथ ही यह योजना बच्चों को मेडिकल, शिक्षा, नैतिक समर्थन और सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में कार्य करती है। संस्था का मुख्य फोकस बच्चों के विरुद्ध हो रहे अपराधों को रोकना है, जिसमें बाल तस्करी, बाल शोषण और बाल श्रम सम्मिलित हैं। विजयी फोरम ने हालही में एक तीन साल की बच्ची, पूजा को गोद लिया है, जो ह्रदय रोग से पीड़ित हैं। संस्था ने उसे पीजीआई में भर्ती करवाया और उसकी हर प्रकार से मदद की, जिससे उसे आवश्यक चिकित्सा मिल सके। यह उनके सामाजिक प्रयासों का एक उदाहरण है, जो दर्शाता है कि उपहार योजना किस तरह बच्चों के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## फर्जी गोलीकांड मामले की निष्पक्ष जांच के बाद एसपी का छुट्टी पर जाना अब कर रहा कई सवाल खड़े

# फर्जी गोलीकांड करवाने वाले आरोपी को कोर्ट से मिली जमानत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल प्रदेश एक शांत पहाड़ी राज्य है, जहां पर एक कबाड़ डीलर के फर्जी गोलीकांड करवाकर दहशत का माहौल बना दिया था, लेकिन इस मामले में एक आईपीएस अधिकारी की निष्पक्ष जांच ने सत्यनिष्ठा और हिम्मत ने न केवल राज्य, बल्कि पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है।



यह घटना बद्दी के कबाड़ डीलर राम कृष्ण, जो कि बद्दी के मलपुर से जुड़ी है, जिसमें खुद पर साजिश के तहत फर्जी गोलीकांड करवाया, जिसमें स्पेशल टीम के नेतृत्व वाली एसपी बद्दी इल्मा अफरोज ने सच्चाई को सामने लाने का साहस दिखाया, लेकिन सच्चाई का परिणाम-अधिकारी के तिरस्कृत कर रातों-रात निकाले जाने के रूप में सामने आया। एसपी के जाते ही अब मामला शांत पड़ता नजर आ रहा है। 26 अक्तूबर को शाम करीब पांच बजे नालागढ़ के डाडी कनियां में कबाड़ डीलर की गाड़ी पर पांच राउंड फायर एक युवक द्वारा किए गए थे और मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसने गोलियां चलाई थी, जिसके कुछ दिन बाद एसपी बद्दी ने प्रेसवार्ता करते हुए खुलासा किया कि कबाड़ डीलर राम किशन ने खुद पर साजिश के तहत गोलियां चलाई थी। (अनंत ज्ञान)

### एसपी पर बाहरी दबाव और निष्पक्षता की चुनौती

सूत्रों के अनुसार इस मामले की जांच के दौरान एसपी पर दबाव बनाया गया कि वे इस जांच में धीमी गति से काम करें और मामले को कबाड़ डीलर राम कृष्ण मलपुर के पक्ष में समाप्त कर दें। उन्हें क्लीन चिट देने के लिए कहा, लेकिन एसपी ने केस पूरी ईमानदारी और निडरता से करने के आदेश दिए। उनकी निष्पक्षता और ईमानदारी से की गई जांच ने कई ताकतवर लोगों को परेशान कर दिया। यह स्पष्ट हो गया कि एसपी न तो किसी दबाव के सामने झुकी और न ही किसी भी परिस्थिति में अपनी जांच को धीमा करने वाली थीं।

### प्रशासनिक स्वतंत्रता पर भी खड़े हो रहे सवाल

**कबाड़** डीलर का फर्जी फायरिंग मामला और उसकी सच्चाई के सामने आने की कहानी ने हिमाचल प्रदेश पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा किया है। एसपी के इस साहसी कदम ने यह साबित कर दिया कि सही और गलत के बीच का फर्क समझना और उसे लागू करना ही असली पुलिसिंग है।

### फर्जी फायरिंग और एसपी की निष्पक्ष जांच

**कबाड़** डीलर रामकृष्ण मलपुर ने हाल ही में एक फायरिंग का मामला दर्ज करवाया, जिसमें उसने आरोप लगाया कि अज्ञात हमलावर ने उसकी गाड़ी पर फायरिंग की। एसपी ने तुरंत एक जांच के दौरान अपनी कार्यदक्षता के जरिये, मामले की तह में जाने पर पता चला कि यह एक फर्जी मामला था, जिसका उद्देश्य अपने व्यवसाय में सहानुभूति बटोरना, सरकारी पीएसओ हासिल करना था। इसी शेखी के चलते उनसे अपनी गाड़ी पर गोलियां चलवाई। कबाड़ डीलर रामकृष्ण मलपुर की गतिविधियों में संलिप्तता के संकेत मिलने लगे और मामला धीरे-धीरे एक जालसाजी के रूप में सामने आया।

### आरोपी को मिली अग्रिम जमानत

पुलिस ने कबाड़ डीलर राम किशन पर आमर्स एक्ट व आपराधिक षड्यंत्र का मामला दर्ज किया है। अब आरोपी ने कोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली है, जबकि आरोपी ने जिस युवक से गोलियां चलवाई थी वह न्यायिक हिरासत में चल रहा है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि आरोपी राम किशन ने कोर्ट से अग्रिम जमानत ली है।

# सरकार आर्थिक ही नहीं मानसिक रूप से भी दिवालिया : विवेक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने हर्षवर्धन चौहान के साथ विदेश यात्रा पर गए विधायकों पर तल्ख टिप्पणी की है।

शर्मा ने कहा कि मित्रों की सरकार के सरदार समोसों की जांच करवा रहे हैं, जबकि उन्हीं के वजीर हर्षवर्धन चौहान मित्रों को लेकर 5 मुल्कों की सैर पर निकल गए हैं। शायद यही व्यवस्था परिवर्तन है। कुछ रोज पूर्व कृषि मंत्री चंद्र कुमार के विरोध के पश्चात कृषि विभाग के अधिकारी मुख्यमंत्री से अनुमति लेकर विदेश यात्रा पर चले गए थे। आज 5 मुल्कों की विदेश यात्रा पर अपने साथ 3 विधायकों व अधिकारियों का जमावड़ा लेकर हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की यात्रा पर उद्योग मंत्री निकल गए हैं और उनका पहला पड़ाव होगा हिटलर की कर्मभूमि जर्मनी में। अपने यहां स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा लगे न लगे, लेकिन हिटलर की कर्म भूमि किसी तीर्थ से कम नहीं है। उनके साथ गए तीन विधायक विनोद सुल्तानपुरी नीदरलैंड की ट्यूलिप खेती का आनंद प्राप्त करेंगे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि भले ही अपने प्रदेश में फूल उत्पादकों को फूल बाजार तक भेजने के लिए चाहे एचआरटीसी को डबल किराया देना पड़ रहा हो पर सरकार के मंत्री गोमा साहब बेल्जियम की चॉकलेट का आनंद लेंगे, हिमाचल प्रदेश में चाहे फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स बंद हो रहे हो या चॉकलेट बनाने वाली कंपनियां बीबीएन से पलायन कर रही हो क्या फर्क पड़ता है। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार जर्मन पहुंचकर इलेक्ट्रिकल वाहन बीएमडब्ल्यू का आनंद लेंगे।



प्रदेश में चाहे जिला व तहसील सचिवालयों से कम इलेक्ट्रिकल चार्जिंग स्टेशंस हो औद्योगिक विभाग के सीपीएस रामकुमार चौधरी जिसको जाना चाहिए था, वह कांग्रेस की अंतर कलह का शिकार होकर रह गए हैं।

# सोलन माल रोड पर बिल्डिंग के एक कमरे में लगी आग, लोगों में मची अफरा-तफरी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शहर के माल रोड स्थित एक बिल्डिंग के एक कमरे में आग लगने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में कोई हताहत या जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। विभागीय टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार, आग लगने की यह घटना सुबह 11 बजे हुई। माल रोड के पास स्थित इस कमरे से अचानक धुंआ उठने लगा, जिससे आसपास के लोग सतर्क हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया और कुछ ने कमरे में रखे सामान को बाहर निकालने का प्रयास किया। आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लगभग आधे घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पड़ोसियों के अनुसार, यह मकान काफी समय से खाली पड़ा था और इसमें कोई नहीं रहता था, जिस कारण एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। फायर ऑफिसर कमलजीत ने कहा कि जैसे ही उन्हें सूचना मिली कि एक घर में आग लगी है, तो तुरंत टीम ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पा लिया। ह्य



# रुद्र महायज्ञ में हजारों लोगों ने दी पूर्णाहुति

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव खदरी स्थित खेड़ा महादेव मंदिर में पांच दिवसीय महा रूद्र यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया।

इस भव्य आयोजन में न केवल स्थानीय, बल्कि दूरदराज के क्षेत्रों से आए हुए श्रद्धालुओं ने भी भारी तादाद में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। देश-प्रदेश और क्षेत्र की खुशहाली के लिए आयोजित किए गए रुद्र महायज्ञ में दर्जनों लोगों ने पूर्ण आहुति दी, जबकि यह यज्ञ यज्ञाचार्य पंडित पंकज रयाल द्वारा संपन्न करवाया गया। यज्ञ में पंडित अनिल गैरोला, अरुण कोठियाल और गोपाल भट्ट भी उपस्थित रहे। पंचम दिवस में अरणीमंथन के द्वारा अग्नि प्रचलित कर यज्ञ को प्रारंभ किया गया। संपूर्ण ग्राम वासियों ने इसमें भाग लेकर यज्ञ को संपन्न किया। आयोजित यज्ञ महा समारोह में एल्जिन फार्मा के महाप्रबंधक रोहित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। क्षेत्र की खुशहाली के साथ-साथ युवा वर्ग को नशे से दूर रखने के लिए उन्हें सनातन परंपरा के साथ जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने इस बड़े धार्मिक आयोजन की समस्त ग्रामवासियों और आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं।



इस आयोजन के साथ ही खेड़ा महादेव का वार्षिक उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। ग्राम वासियों ने उत्साह और भक्ति के साथ इस आयोजन में भाग लिया। ग्राम वासियों ने कहा कि यह आयोजन उनकी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को मजबूत बनाने में मदद करेगा। खेड़ा महादेव मंदिर के पुजारी ने सभी श्रद्धालुओं को धन्यवाद दिया।

# दून और नालागढ़ मंडल में भाजपा से जुड़े 43800 सदस्य : बिहारी लाल



**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि दून मंडल ने 15800 से ज्यादा और नालागढ़ मंडल ने 28000 से ज्यादा प्राथमिक सदस्य बनाकर पार्टी को बड़ा बल प्रदान किया है। यह बात भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल ने दून व नालागढ़ में बैठक के दौरान कही।

बिहारी लाल ने बताया कि बैठक में पार्टी के विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा हुई, जिसमें सक्रिय सदस्यता अभियान की समीक्षा और संगठन पर्व पर विस्तृत चर्चा की गई। हिमाचल में 11 से 30 के बीच सभी बूथ अध्यक्ष और उनकी समिति के सभी चुनाव संपन्न होंगे, ऐसी पार्टी की कल्पना है।

सोलन से सभी पांचों मंडलों में भी बूथ के चुनाव 30 से पहले पहले संपन्न होंगे। हिमाचल से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सभी ने प्रदेश के बूथों पर निरंतर काम किया है।

# चुनावों में धांधली, फिर हो चुनाव : नसीम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

आल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के फाउंडर मेंबर नसीम मोहम्मद दीदान ने कहा कि ज्वालाजी में ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के चुनाव होना तय हुए थे।

इसी संबंध में पूरे हिमाचल से लगभग 200 से अधिक लोग इस इलेक्शन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले चेयरमैन रहे सादिक खान द्वारा कमेटी को भंग कर चेयरमैन पद से इस्तीफा दिया गया। चेयरमैन पद के लिए कांगड़ा से खुद पूर्व में चेयरमैन रहे सादिक खान, बिलासपुर से साबर दीन और सिरमौर से नजाकत अली हाशमी के नाम आए थे, लेकिन जैसे ही चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई तो इलेक्शन ट्रिब्यूनल और पूर्व में चेयरमैन रहे सादिक खान ने पक्षपात और धकाशाही करते हुए चेयरमैन पद के लिए उतरे उम्मीदवारों को चुनाव नहीं लड़ने दिया। इस दौरान वहां पर पूर्व चेयरमैन की धकाशाही और इलेक्शन ट्रिब्यूनल के पक्षपात को देखते हुए हिमाचल से अलग-अलग जिलों से आए लोगों द्वारा पूर्व चेयरमैन और इलेक्शन ट्रिब्यूनल में शामिल लोगों को पीटा भी गया। इस घटना के उपरांत चुनाव का कोई भी निष्कर्ष नहीं निकल पाया। इसके उपरांत जब सभी लोग वहां से चले गए, तो बंद कमरे में सादिक खान द्वारा खुद को ही चेयरमैन घोषित कर लिया गया और इलेक्शन ट्रिब्यूनल के लोगों को भी औधे दे दिए गए, जिसका पता सोशल मीडिया पर सादिक खान द्वारा पोस्ट शेयर करने के बाद चला। इस घटना के उपरांत हिमाचल के मुस्लिम समुदाय के लोगों में असंवैधानिक प्रक्रिया से चुनाव करवाए जाने पर गहरा रोष देखने को मिला है।

### जल्द ही प्रदेश स्तर पर की जाएगी मीटिंग

**लोगों** ने आल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर के फाउंडर नसीम दीदान से गुजारिश की है कि यह इलेक्शन दोबारा से करवाए जाएं, जिसमें हिमाचल के हर जिले से मुस्लिम समुदाय के लोगों से राय मशवरा करके एक स्थान निश्चित किया जाए तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाए जाएं। ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के फाउंडर और पूर्व चेयरमैन नसीम दीदान ने कहा कि पूरे हिमाचल से मुस्लिम समुदाय के लोगों के फोन आ रहे हैं और लोगों ने चुनावी प्रक्रिया असंवैधानिक और गलत तरीके से करवाने के आरोप लगाए हैं। इस बाबत जल्द ही प्रदेश स्तर पर एक मीटिंग की जाएगी और लोगों की सहमति और ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन के संविधान के अनुसार दोबारा से इलेक्शन करवाए जाएंगे।

### 4.72 लाख की धोखाधड़ी में कालका का युवक गिरफ्तार

**बीबीएन।** पुलिस थाना बद्दी के तहत धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। शिकायत में अख्तर अली ने बताया कि बलवीर सिंह के द्वारा पेटीएम केवाईसी के नाम पर आधार कार्ड लेकर धोखे से 4,72,463 रुपए का लोन अप्लाई कर दिया और फिर बोला कि ये गलती से कर दिया गया है, जिसके बाद बंद करवाने के लिए खुद के बैंक खाता में पैसे डलवा दिए, जिसके बाद अब पैसे वापस नहीं दे रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए बलवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**अवॉर्ड** फुटबॉल चैंपियनशिप की विजेता डीएफए के सम्मान में सिरमौर फुटबॉल संघ ने अवॉर्ड सेरेमनी का किया आयोजन

# 6 खिलाड़ी पंजाब में खेली जानी वाली संतोष ट्रॉफी के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

57वीं हिमाचल प्रदेश वरिष्ठ फुटबॉल चैंपियनशिप की विजेता डीएफए सिरमौर टीम के सम्मान में जिला सिरमौर फुटबॉल संघ की ओर से अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश वूमेन फुटबॉल टीम की मैनेजर नंदिता शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने विजेता टीम के खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद दिया और अपनी तरफ से खिलाड़ियों को किट देने की घोषणा भी की। गत दिन नाहन में आयोजित अवॉर्ड सेरेमनी में फुटबॉल कोच मनुज शर्मा, कंवर अभय सिंह बास्केटबॉल कोच, करण चौहान और नाहिद अली विशेष अतिथि मौजूद रहे। इस मौके पर विक्रम वर्मा पार्षद, संजीव सोलंकी, रविंद्र, आशीष थापा, ईशान राव, मुकेश पुंडीर कोषाध्यक्ष, राकेश पाहवा महासचिव और संघ के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।


नाहन में सम्मानित किए गए 57वीं हिमाचल प्रदेश वरिष्ठ फुटबॉल चैंपियनशिप की विजेता डीएफए सिरमौर टीम के फुटबॉल खिलाड़ी।

इस दौरान पांवटा साहिब के 8 और नाहन के 9 खिलाड़ियों को मुख्यातिथि ने मोमेंटो प्रदान किए। जिला सिरमौर फुटबॉल विजेता टीम के कप्तान डॉ. अनुज शर्मा को जिला फुटबॉल संघ के सदस्यों ने टोपी, शॉल और मोमेंटो प्रदान किया। संघ ने ड्रॉप ऑफ होप संस्था नाहन के सामाजिक कार्यकर्ता हरजीत सिंह को भी सम्मानित किया। इस दौरान खिलाड़ियों के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन संजीव सोलंकी ने किया। सिरमौर फुटबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद इकराम ने बताया कि संतोष ट्रॉफी जो अमृतसर पंजाब में खेली जानी है, उसमें जिला सिरमौर फुटबॉल संघ के 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। बता दें कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 25 से 28 तक मंडी में आयोजित की गई थी, जिसमें डीएफए सिरमौर ने कांगड़ा को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया।

## न्यूज ब्रीफ

### रफी साहब के गानों से सजी महफिल



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सुप्रसिद्ध गायक मोहम्मद रफी की याद में तथा उनके 100 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, के उपलक्ष्य में वॉयस ऑफ यूनिटी संस्था द्वारा संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्था की प्रेसिडेंट व प्रसिद्ध समाज सेविका जया गोयल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में रफी साहब के भारतीय सिनेमा में गानों के योगदान को सम्मानित करते हुए संस्था द्वारा केक काटकर जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। यहां होटल सोलिटियर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर गल गायक शिवानंद, लोक गायक संजीव पराशर, गायक मुरलीधर सोनी व नीना सोनी, डॉ राजू धीर ने शिरक्त की। इस दौरान उनके साथ वॉयस ऑफ यूनिटी संस्था की प्रेसिडेंट व प्रसिद्ध समाज सेविका जया गोयल व अन्य नेहा मित्तल, नीना भाटिया और कंचन जैन उपस्थित थे।

### हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र यहां बुधवार से शुरू होगा। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नई राज्य सरकार अनुबंध कर्मचारियों के लिए नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने सहित कुछ विधेयक लाएगी। हरियाणा विधानसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि यह निर्णय लिया गया है कि सत्र 13, 14 और 18 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी, जिसके बाद सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी और मुख्यमंत्री 14 नवंबर को जवाब देंगे। विपक्षी कांग्रेस अभी तक अपने विधायक दल के नेता का फैसला नहीं कर पाई है। कांग्रेस को हाल में हुए विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा था।

### भिवानी में बेटे ने की मां की हत्या

**भिवानी।** हरियाणा के भिवानी में एक बेटे ने अपनी मां के सिर पर ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना भिवानी के कितान पाना इलाके की है और वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। दिनोद गेट चौकी प्रभारी मनीष वालिया ने बताया कि सोमवार सुबह जब आसपास के लोगों ने 55 वर्षीय जीवनी देवी का शव घर के अंदर खून से लथपथ देखा तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने देवी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल भेज दिया। अधिकारी ने बताया कि महिला के बड़े बेटे सज्जन ने बताया कि उसका भाई सोनू मां की हत्या कर फरार हो गया। वालिया ने बताया कि सज्जन के बयान पर पुलिस ने महिला के छोटे बेटे सोनू (23) के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



### 11 किसानों पर पराली जलाने के आरोप में प्राथमिकी

**जींद (हरियाणा)।** जिले में पुलिस ने 11 किसानों के खिलाफ पराली जलाने के आरोप में मामले दर्ज किए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वायु प्रदूषण के मद्देनजर सरकार ने पराली जलाने पर रोक लगाई हुई है। खेतों में भौतिक निरीक्षण के साथ उपग्रह से नजर रखी जा रही है। पराली जलाने पर जुर्माने के साथ मुकदमा भी दर्ज कराया जा रहा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कृषि विभाग की शिकायत पर किसानों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस और 'आप' खोटे सिक्के, पंजाब की जनता आ चुकी है तंग : अनुराग

**एजेंसी, चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) को 'खोटे सिक्के' करार देते हुए कहा कि पंजाब के लोग इन दोनों दलों के 'भ्रष्टाचार' से तंग आ चुके हैं।

अनुराग ठाकुर ने बरनाला विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार केवल सिंह ढिल्लों के लिए प्रचार करते हुए यह टिप्पणी की।

प्रदेश की चार विधानसभा सीटों गिद्दड़बाहा, डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल और बरनाला पर उपचुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

ठाकुर ने बरनाला में कहा, ''दोनों पार्टियां लोगों से 'झूठे' वादे कर लोगों को ठगने की कोशिश करती हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि 2024 लोकसभा चुनावों में पंजाब में भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ा है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा,



''पंजाब के लोग भ्रष्ट 'आप' और कांग्रेस से तंग आ चुके हैं। ये दोनों पार्टियां 'खोटे सिक्के' हैं। लोग विकल्प की तलाश में हैं। लोग भाजपा को एक सुनहरे विकल्प के रूप में देख रहे हैं और अगर पार्टी (सत्ता में) आती है तो पंजाब आगे बढ़ेगा।''

अनुराग ठाकुर ने भगवंत मान सरकार पर अपने चुनावी वादों को पूरा न करने और महिलाओं को 1,000 रुपए प्रति माह देने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने 'वैट' बढ़ाकर ईंधन की कीमतें बढ़ा दीं और कानून-व्यवस्था पर अपनी खराब पकड़ के कारण उद्योगपतियों को बाहर जाने के लिए मजबूर किया। हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, ''न तो 'आप' सरकार के पास कोई नीति है और न ही कोई साफ नीयत। पंजाब में अपराध, जबरन वसूली और हत्या की खबरें रोजाना आती रहती हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि राज्य में मुख्यमंत्री है या नहीं।'

उन्होंने कहा, ''न जवान, न किसान और न ही नौजवान 'आप' से कोई भी खुश नहीं हैं।'

अनुराग ठाकुर ने यह भी दावा किया कि धान खरीद का मुद्दा मान सरकार के कुप्रबंधन के कारण पैदा हुआ। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार धान उठान में 'धीमी' गति और डीएपी खाद की कमी के लिए केंद्र को दोषी ठहरा रही है।

अनुराग ठाकुर ने कहा, ''लोकसभा चुनावों में करारी हार के बाद यहां की सरकार सो गई। मुझे लगता है कि भगवंत मान तीन महीने की छुट्टी पर चले गए हैं। कोई बैठक नहीं हुई है।'' उन्होंने दावा किया, ''केंद्र ने पंजाब को (फसल खरीद के लिए) 44,000 करोड़ रुपए भेजे। किसानों को मंडियों में फसल उठाने के लिए कई दिनों तक इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ा।''

## सैन फ्रांसिस्को से अमृतसर के लिए सीधी उड़ान की मांग की

**एजेंसी, चंडीगढ़**

अमेरिका में पंजाबियों के एक संगठन ने सोमवार को विदेश मंत्री एस.जयशंकर को पत्र लिखकर अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को से पंजाब के अमृतसर तक सीधी उड़ान शुरू करने का अनुरोध किया।

द नॉर्थ अमेरिकन पंजाबी एसोसिएशन (एनएपीए) के कार्यकारी निदेशक सतनाम सिंह चहल ने पत्र में कहा कि हवाई संपर्क देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और सांस्कृतिक, आर्थिक एवं सामाजिक संबंधों के फलने-फूलने में मददगार साबित होते हैं।

चहल ने कहा, ''पहले ही भारत के विभिन्न शहरों से अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ानों का परिचालन किया जा रहा है लेकिन सैन फ्रांसिस्को से अमृतसर के बीच सीधी उड़ान शुरू करने की वहां रह रहे भारतवंशियों और दोनों क्षेत्रों के कारोबारियों की मांग लंबे समय से लंबित है।''

उन्होंने कहा कि सैन फ्रांसिस्को कैलोफोर्निया के मध्य में है और प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष तथा उद्यमशीलता के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित है।

## लुटेरों ने जौहरी के बेटे को गोली मारी

**एजेंसी, रेवाड़ी**

बावल कस्बे के कटला बाजार में सोमवार को तीन नकाबपोश लोगों ने एक जौहरी के बेटे को गोली मारकर घायल कर दिया और उसकी दुकान से नकदी और कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

दिनदहाड़े हुई लूट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

पुलिस के अनुसार, तीन नकाबपोश लुटेरे सुबह करीब 11:30 बजे मोटरसाइकिल पर सवार होकर कोमल ज्वेलर्स नामक दुकान पर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि एक लुटेरे ने आभूषण दुकान के मालिक प्रीतम सिंह के बेटे हितेंद्र सोनी पर पिस्तौल तान दी। जब उसने विरोध किया तो बदमाशों ने उसके पैर में गोली मार दी।

उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी कुछ नकदी और आभूषण लूटकर मौके से फरार हो गए।

## चंडीगढ़ में मेयर का कार्यकाल पांच वर्ष का होना जरूरी : मनीष तिवारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ नगर निगम को मोहाली और पंचकूला के मुकाबले में लगभग 5 गुणा अधिक फंड मिलते हैं, परंतु फिर भी यहां पैसे की तंगी रहती है। ये कहना है चंडीगढ़ के सांसद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष तिवारी का। वे ऑल इंडिया राजीव मेमोरियल सोसायटी, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान बोल रहे थे।

उनके साथ चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एचएस लक्की भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मोहाली व पंचकूला को लगभग 200-200 करोड़ रुपए केंद्र से आते हैं जबकि चंडीगढ़ को 1000 करोड़ मिलते हैं। उन्होंने कहा कि फंड्स की दिक्कत का जिम्मेदार उन्होंने यहां की अफसरशाही को ठहराया। मनीष तिवारी व लक्की को ऑल इंडिया राजीव मेमोरियल सोसायटी, चंडीगढ़ के अध्यक्ष राज नागपाल व अन्य पदाधिकारियों ने चंडीगढ़ की बेहतरी के लिए किए जा रहे उनके प्रयासों के लिए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंनेने कहा कि चंडीगढ़ में भी देश के अन्य निगमों की भांति मेयर का कार्यकार पांच वर्षों का होना चाहिए।

## मोदी अगले महीने आएंगे चंडीगढ़

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ आ रहे हैं। उनका यह दौरा खास तौर पर 'रिटर्न गिफ्ट' देने के रूप में माना जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 4 अगस्त को घोषणा की थी कि जिस दिन चंडीगढ़ के सभी थानों में 100 प्रतिशत तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद शहर आकर लोगों को रिटर्न गिफ्ट देंगे।



पीएम के आगमन को लेकर चंडीगढ़ में भी तैयारियां जोरों पर हैं। लोगों की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। मोदी का चंडीगढ़ आने का कार्यक्रम तीन दिसंबर तय हुआ है।

# सेक्टर-32 में सफाई कर्मचारी पांच दिन से भूख हड़ताल पर

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

मानसिक स्वास्थ्य संस्थान सेक्टर-32,चंडीगढ़ में सफाई कर्मचारी पांच दिन से धरना दे रहे हैं जिसमें एक कर्मचारी बबलू नाम का 5 दिन से भूख हड़ताल पर है।

बबलू का आरोप है कि उसको बिना किसी गलती से नौकरी से हटा दिया है। उसका कसूर केवल इतना है कि वह टाइम से पैसे मांगता था और कुछ भी गलत हो तो उसके खिलाफ आवाज उठाता था।

बबलू के साथ और भी कर्मचारी सफाई वाले हड़ताल पर गेट के आगे बैठे हुए हैं। इनका कहना है कि अगर मामला जल्द नहीं सुलझा तो यह और बड़ा



आंदोलन करेंगे। इस संबंधी जब अस्पताल प्रशासन के इंचार्ज से बात करना चाही तो उन्होंने कहा कि इसमें जो भी बयान देंगे वह जीएमसीएच के डायरेक्टर ही देंगे। जब जीएमसीएच के डायरेक्टर एके अत्री से बात की गई तो बताया कि बबलू नाम का जो कर्मचारी वहां काम कर रहा था वह ठेकेदार द्वारा नियुक्त किया गया था। उसने कुछ महिला स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार किया था। उन्होंने इसकी शिकायत ठेकेदार को दे दी। यह ठेकेदार का मामला है। (अनंत ज्ञान)

### जापानी प्रधानमंत्री की कैबिनेट ने दिया इस्तीफा

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा और उनके मंत्रीमंडल ने सोमवार सुबह देश के अगले प्रधानमंत्री के चयन के लिए संसद में मतदान से पहले इस्तीफा दे दिया। इशिबा प्रशासन के कैबिनेट मंत्रियों ने कैबिनेट की बैठक में सामूहिक रूप से इस्तीफा पत्र सौंपे। लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और कोमेइतो के सत्तारूढ़ गुट के पास प्रतिनिधि सभा में बहुमत कम है। मतदान में इशिबा और प्रमुख विपक्षी संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता योशीहिको नोडा के बीच पुनर्मतदान की संभावना है, जो लगभग 30 वर्षों में पहला पुनर्मतदान होगा।

### 'बोइंग 787' में लगी आग, वापस रोम लौटा

**रोम।** हैनान एयरलाइंस की ओर से संचालित 'बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर' विमान को इंजन में आग लगने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद रोम के फिउमिसिनो एयरपोर्ट पर वापस लौटना पड़ा। चीन जा रहे इस विमान में 249 यात्री और 16 चालक दल के सदस्य सवार थे।



इटली के कोस्ट गार्ड के अनुसार, आग पक्षी के टकराने के कारण लगी थी। राहत की बात यह रही कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हैनान एयरलाइंस ने इस असुविधा के लिए माफी मांगी है। एयरलाइन ने प्रभावित यात्रियों को कई विकल्प प्रदान करने की सूचना दी, जिसमें अपनी यात्रा जारी रखने वालों के लिए वैकल्पिक उड़ानें और अपनी योजना कैंसिल करने वालों के लिए धनवापसी या मुआवजा शामिल है।

### आतंकी हमला: ईरान के 5 सुरक्षाकर्मियों की मौत

**तेहरान।** ईरान के साथ लगती पाकिस्तान की सीमा के समीप एक आतंकवादी हमले में पांच ईरानी सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। मृतक सुरक्षाकर्मी अर्धसैन्य रेवोल्यूशनरी गार्ड के स्वयंसेवी बासिज बल के जातीय बलूच सदस्य थे ओर उनकी सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत के सरावन शहर में मौत हुई। सरावन, राजधानी तेहरान से करीब 1,400 किलोमीटर दूर दक्षिणपूर्व में है। किसी भी समूह ने अभी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। सरकारी टीवी ने बताया कि रेवोल्यूशनरी गार्ड के सैनिकों ने एक सैन्य अभियान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया और नौ अन्य को गिरफ्तार कर लिया। उसने यह नहीं बताया कि ये आतंकवादी किस समूह के हैं।

### यूपी में सड़क हादसे में 38 लोग घायल

**सुलतानपुर (उप्र)।** लम्भुआ थाना क्षेत्र में तीर्थयात्रियों से भरी एक बस को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बस में सवार 38 लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र के कल्याण जिले से 50 से अधिक तीर्थयात्रियों को लेकर आई टूरिस्ट बस को अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में सवार 38 लोग घायल हो गए जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं।

## झारखंड में घुसपैठियों की पहचान के लिए गठित होगी समिति : शाह

**एजेंसी, सरायकेला**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि झारखंड में अगर भाजपा की सरकार बनती है तो घुसपैठियों की पहचान करने और उन्हें राज्य से बाहर निकालने के अलावा उनके की ओर से हड़पी गई जमीन को वापस लेने के लिए एक समिति गठित की जाएगी।

आदिवासी महिलाओं से शादी करने पर घुसपैठियों को जमीन का हस्तांतरण रोकने के लिए एक कानून लाया जाएगा। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। शाह ने सरायकेला में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में आदिवासियों की आबादी घट रही है। घुसपैठिए हमारी बेटियों से शादी करके जमीन हड़प रहे हैं। हम आदिवासी महिलाओं से शादी करने पर घुसपैठियों को जमीन हस्तांतरण रोकने के लिए कानून लाएंगे। उन्होंने दावा किया कि जब चंपई सोरेन ने घुसपैठ का मुद्दा उठाया तो उनका अपमान किया गया और हेमंत सोरेन ने उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया। झामुमो-कांग्रेस और राजद नेताओं पर केवल व्यक्तिगत विकास के लिए काम करने और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि झारखंड में अगर भाजपा की सरकार बनती है तो झामुमो नीत गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## देश-विदेश

# इसराइल की सीरिया में एयर स्ट्राइक सात नागरिकों की मौत, 20 घायल

**एजेंसी, दमिश्क**

**सीरिया** की राजधानी दमिश्क के निकट इसराइली हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों समेत सात नागरिकों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इसराइल ने दमिश्क के ग्रामीण इलाकों में सैय्यदाह जैनब क्षेत्र में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाकर कब्जे वाले गोलान हाइट्स से हवाई हमला किया। इस हमले में आवासीय भवन के फ्लैट को निशाना बनाया गया, जिसमें लेबनानी नागरिकों और हिजबुल्लाह सदस्य रहते थे।



### नेतन्याहू ने स्वीकारी हिज्बुल्लाह पर पेजर वॉकी-टॉकी हमलों में इसराइल की भूमिका

**इसराइल** के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्वीकार किया कि सितंबर में हिज्बुल्लाह को निशाना बनाकर किए गए पेजर और वॉकी-टॉकी हमलों के पीछे उनका देश था, जिनमें कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई तथा 3,000 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

### गाजा में इस्लामिक जिहाद का 'हेड ऑफ ऑपरेशन' अबू साखिल मारा गया

**यरूशलम।** इजराइल की सेना और शिन बेट इंटरनल सिक्योरिटी एजेंसी ने इस्लामिक जिहाद आतंकी ग्रुप के हेड ऑफ ऑपरेशन मुहम्मद अबू साखिल को मार गिराने का दावा किया है। इसराइली वायुसेना ने गाजा पट्टी में एक 'सटीक हमले' में कमांडर को निशाना बनाया। बयान में कहा कि अबू साखिल ने एक कंपाउंड में स्थित कमांड और कंट्रोल सेंटर में काम कर रहा था, जिसे पहल उत्तरी गाजा में फहद अल-सबा स्कूल के रूप में जाना जाता था।

## सिख दंगा मामला : टाइटलर ने किया निचली अदालत में सुनवाई पर रोक लगाने का अनुरोध

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** नेता जगदीश टाइटलर ने उच्च न्यायालय से 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुलबंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या से जुड़े एक मामले में उनके खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने का सोमवार को अनुरोध किया। टाइटलर के अधिवक्ता ने कहा कि संबंधित अदालत को यह निर्देश दिया जाए कि जब तक हाईकोर्ट उनके खिलाफ हत्या एवं अन्य अपराधों के आरोप तय करने को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला नहीं लेता, तब तक मामले में सुनवाई न की जाए।

## दिल्ली में एयर क्वालिटी 'बेहद खराब'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में एयर क्वालिटी सोमवार को भी 'बहुत खराब' श्रेणी में रही और राष्ट्रीय राजधानी के अस्पतालों में सांस संबंधी समस्याओं वाले मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी गई। सोमवार सुबह भी दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में धुंध की मोटी परत छाई रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड



(सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे कुल वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 349 दर्ज किया गया। हालांकि, दिल्ली के 39 में से कम से कम दो मौसम केंद्रों बवाना और जहांगीरपुरी ने वायु गुणवत्ता सूचकांक 'गंभीर' श्रेणी में क्रमश: 401 और 412 दर्ज किया।

## हाईकोर्ट से जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को जमानत



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को मेडिकल बेस पर जमानत दी है। जस्टिस एनजे जमादार की बेंच ने इससे पहले नरेश गोयल को कैंसर के इलाज के लिए अंतरिम मेडिकल जमानत दी थी। अंतरिम आदेश अब पूरा हो गया है।

# मुफ्ती का सीएम अब्दुल्ला को पत्र, आतंक के आरोप में बर्खास्त कर्मियों को करें बहाल

**एजेंसी, श्रीनगर**



**जम्मू-कश्मीर** की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को एक लेटर लिखा है। इस लेटर में उन्होंने उन सरकारी कर्मचारियों का जिक्र किया है, जिन्हें आतंक के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। महबूबा ने आतंक के आरोप में बर्खास्त किए सरकारी कर्मियों को बहाल करने की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस लेटर को शेयर किया है। उन्होंने कहा कि सीएम उमर अब्दुल्ला को उन पीड़ित परिवारों की दुर्दशा पर भी ध्यान देना चाहिए, जिन्हें बिना किसी जांच और निष्पक्ष सुनवाई के आधार पर मनमाने तरीके से सरकारी नौकरी से बर्खास्त किया गया। उन्होंने कहा कि 2021 में एक टास्क फोर्स के गठन के बाद से यह प्रक्रिया चल रही है, जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत बर्खास्तगी की संभावित रूप से योग्य गतिविधियों में संदिग्ध कर्मचारियों की जांच करना है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, इस टास्क फोर्स ने अब तक कम से कम 70 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया है। महबूबा ने हाल ही में पुलवामा के बेलो में नजीर अहमद वानी के परिवार से मुलाकात की, जहां उन्होंने 'ऐसी कार्रवाइयों के दर्दनाक परिणामों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। उन्होंने वानी की स्थिति का पत्र में वर्णन किया है।

## सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** फेस्टिव सीजन के बाद गोल्ड की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। सोमवार को 24 कैरेट गोल्ड का भाव गिरकर 77,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड का भाव 77,030 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 22 कैरेट गोल्ड का रेट 75,180 रुपए प्रति 10 ग्राम और 20 कैरेट गोल्ड की कीमत 68,550 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 62,390 रुपए प्रति 10 ग्राम और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 49,680 रुपए प्रति 10 ग्राम है। गोल्ड की कीमतों में अक्तूबर की तेजी के बाद लगातार गिरावट जारी है। गोल्ड का भाव 6 नवंबर को इस महीने के निचले स्तर 76,980 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। कीमतों में गिरावट की वजह फेस्टिव सीजन के बाद लगातार मांग में गिरावट को माना जा रहा है।



# शेयर बाजार में रहा फ्लैट कारोबार, सेंसेक्स नौ अंक चढ़ा और निफ्टी छह अंक फिसला

**एजेंसी, मुंबई**

**सेंसेक्स** 9 अंक की तेजी के साथ 79,496 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 6 अंक की गिरावट रही, जो 24,141 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 627 अंक की गिरावट के साथ 54,286 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में गिरावट और 12 में तेजी रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में गिरावट और 19 में तेजी रही, जबकि एक शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ। प्राइवेट हेल्थ इंश्योरर निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के आईपीओ के लिए बोली लगाने के आखिरी दिन शाम 4 बजे तक में यह इश्यू टोटल 1.79




गुना सब्सक्राइब हुआ। रिटेल कैटेगरी में यह आईपीओ 2.75 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटगरी में 2.01 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटगरी में 0.70 गुना सब्सक्राइब हुआ। इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और पावर ग्रिड ने बाजार को सबसे ज्यादा ऊपर चढ़ाया। एशियन पेंट्स, रिलायंस और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बाजार को नीचे खींचा। जेएसडब्ल्यू होल्डिंग्स का शेयर आज लगातार चौथे कारोबारी दिन 10 फीसदी की तेजी के साथ 16,978.30 रुपए के ऑल टाइम हाई पर बंद हुआ। चार कारोबारी दिन में शेयर 70 फीसदी बढ़ चुका है।

## मोदी करें 700 करोड़ की उगाही के आरोप सिद्ध, राजनीति से संन्यास ले लूंगा : सिद्धरमैया

**हावेरी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह साबित कर दें कि कांग्रेस सरकार ने चुनावी राज्यों के लिए 700 करोड़ रुपए की उगाही की है तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने मोदी को यह चुनौती भी दी कि यदि वह महाराष्ट्र के अकोला में लगाए गए अपने आरोपों को साबित नहीं कर पाते हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। सिद्धरमैया ने रविवार रात हावेरी जिले के शिग्गांव में चुनावी जनसभा में कहा कि मैं इस बात से हैरान हूं कि इस देश के प्रधानमंत्री इतना झूठ बोल रहे हैं। महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने महाराष्ट्र, झारखंड में भेजने और उपचुनावों पर खर्च करने के लिए आबकारी विभाग के जरिए 700 करोड़ रुपए की उगाही की है।



## सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती नेहवाल

**नई दिल्ली ।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं। साइना सोशल मीडिया पर अक्सर वीडियो शेयर करती रहती हैं। साइना नेहवाल ने हाल ही में एक एक पुराना वीडियो पोस्ट किया है, जिस पर उनके फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं। वीडियो में देख सकते हैं कि वह कहीं घूमने गई हैं, जिसमें उन्होंने बहुत प्यार सा गाना भी लगाया है।



## स्पोर्ट्स विंडो

### अबूधाबी में शुभंकर शर्मा 32वें स्थान पर, वारिंग को खिताब

**अबूधाबी।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अंतिम दौर में सात अंडर-65 का टूर्नामेंट का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एचएसबीसी अबूधाबी चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 32वें स्थान पर रहे। शुरुआती दो दौर में 71 और 73 के स्कोर के बाद शुभंकर ने अंतिम दो दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 66 और 65 का स्कोर बनाया। शुभंकर ने अंतिम दौर में सात बर्डी, एक ईगल और दो बोगी से सात अंडर का स्कोर बनाया। इंग्लैंड के पॉल वारिंग ने अंतिम दौर में बोगी रहित 66 के स्कोर से कुल 24 अंडर पार के स्कोर से अपना पहला रोलेक्स सीरीज खिताब जीता। वारिंग ने रोलेक्स सीरीज पर चार बार के विजेता टाइरेल हेटन को दो शॉट से पछाड़ा। हेटन से एक शॉट पीछे रोरी मैकेलरॉय, मैट वॉलेस और डेन थोरबोर्न ओलेस संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

### संजय बांगर के बेटे ने कराया जेंडर चेंज, आर्यन से अयाना बना



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर पूर्व क्रिकेटर और कोच संजय बांगर के बेटे आर्यन का एक वीडियो वायरल हो रहा है। ये वीडियो आर्यन बांगर का है जिसमें वो लड़का से लड़की बनने की अपनी जर्नी के बारे में बात कर रहे हैं। आर्यन जो अब अनाया बन गए हैं, उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने 9 महीने के हार्मोनल ट्रांसफॉर्मेशन के बारे में बताया है। उन्होंने बताया कि 10 महीने पहले वो लड़के थे, लेकिन अब वो एक लड़की बन गए हैं। अब उन्होंने अपना नाम आर्यन से अनाया कर लिया है। आर्यन लंदन में रहते हैं और वो भी अपने पिता की तरह क्रिकेट खेलते हैं और उन्हें क्रिकेट से बहुत प्यार है। अपने पोस्ट में आर्यन ने लिखा है, ''मैंने कभी भी उस खेल को छोड़ने पर विचार नहीं किया जो मेरा जुनून, मेरा प्यार और मेरा पलायन रहा है, लेकिन यहां मैं एक दर्दनाक हकीकत का सामना कर रहा हूं। हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एचआरटी) के दौरान एक ट्रांस महिला के रूप में, मेरे शरीर में काफी बदलाव आया है। मैं अपनी मांसपेशियों, ताकत, मसल्स की मेमोरी और एथलेटिक क्षमताओं को खो रहा हूं, जिन पर मैं कभी भरोसा करता था। जिस खेल से मैं लंबे समय से प्यार करता था, वह मुझसे दूर होता जा रहा है।''

### प्रशिक्षण शिविर से होगा खो-खो वर्ल्ड कप के लिए टीम का चयन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 13 जनवरी से 19 जनवरी तक खेले जाने वाले पहले खो-खो वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया भारतीय टीम का 8 दिसंबर से एक माह का फिटनेस और प्रशिक्षण शिविर लगाएगी। भारत के प्राचीनतम खेलों में से एक खो-खो के इस विश्व कप में छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे, जिनमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें शामिल होंगी।



अंतरराष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया की इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों में टीम भावना भरने के साथ, खिलाड़ियों की शारीरिक और मानसिक क्षमता को बढ़ाने पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने बताया की इस कैंप के लिए 60-60 (महिला व पुरुष) खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें से बेहतर प्रदर्शन करने वाले 15-15 खिलाड़ियों का विश्व कप के लिए भारतीय महिला व पुरुष टीम के लिए चयन किया जाएगा।

# पहले टेस्ट में लोकेश राहुल कर सकते हैं पारी का आगाज : गंभीर

## भारतीय कोच ने कहा–रोहित के नहीं खेलने पर पर्थ में कप्तानी करेंगे बुमराह

**एजेंसी, मुंबई**

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यदि नियमित कप्तान रोहित शर्मा व्यक्तिगत कारणों से पांच मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं तो जसप्रीत बुमराह उपकप्तान होने के कारण पर्थ में पहले टेस्ट में भारत का नेतृत्व करेंगे।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर ने संकेत दिया कि रोहित के नहीं खेलने पर लोकेश राहुल को पारी का आगाज करने के लिए कहा जा सकता है। गंभीर ने कहा, ''देखिए फिलहाल कोई पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन हम लोग आपको बता देंगे कि स्थिति क्या होगी। उम्मीद है कि वह उपलब्ध होंगे लेकिन आप जो भी जानना चाहते हैं वह आपको सीरीज शुरू होने से पहले पता चल जाएगा। बुमराह उपकप्तान हैं इसलिए जाहिर है कि वह टीम की अगुआई करेंगे। अगर रोहित उपलब्ध नहीं हैं तो वह पर्थ में कप्तानी करेंगे।''



रोहित की संभावित अनुपस्थिति से बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर एक स्थान खाली हो जाएगा और गंभीर ने कहा कि पदार्पण का इंतजार कर रहे अभिमन्यु ईश्वरन और राहुल में से एक को चुना जाएगा। ये दोनों भारत–ए के लिए ऑस्ट्रेलिया–ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट खेले थे। गंभीर ने कहा, ''बेशक ईश्वरन है, राहुल वहां (ऑस्ट्रेलिया में) है। अगर रोहित उपलब्ध नहीं होते हैं तो हम पहले टेस्ट मैच के करीब आने पर फैसला करेंगे। वहां विकल्प मौजूद हैं। ऐसा नहीं है कि कोई विकल्प नहीं है। उस स्थान पर काफी विकल्प हैं। जैसे ही पहला टेस्ट मैच करीब आएगा हम सर्वश्रेष्ठ एकादश खिलाने की कोशिश करेंगे जो हमारे लिए काम कर सके।''

हालांकि उन्होंने पर्याप्त संकेत दिए कि राहुल का अनुभव नए खिलाड़ी ईश्वरन की मौजूदा फॉर्म पर भारी पड़ सकता है।

गंभीर ने कहा, ''हां, क्योंकि कई बार आप अनुभवी खिलाड़ियों के साथ भी जाते हैं। मुझे लगता है और यही एक व्यक्ति की खूबी है कि वह (राहुल) शीर्षक्रम में बल्लेबाजी कर सकता है। वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकता है और वह छठे नंबर पर भी बल्लेबाजी कर सकता है।''

उन्होंने कहा, ''इसलिए मुझे लगता है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह (राहुल) हमारे लिए यह काम कर सकते हैं, खासकर अगर रोहित पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं तो।''

### रिकी पोंटिंग भारत नहीं ऑस्ट्रेलिया की चिंता करें

**गौतम** गंभीर ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म और भारतीय टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठाने वाले रिकी पोंटिंग पर पलटवार करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज खिलाड़ी को केवल अपने देश की क्रिकेट को लेकर चिंता करनी चाहिए।



पोंटिंग ने हाल में कहा था कि कोहली की फॉर्म चिंता का विषय है क्योंकि पिछले पांच वर्षों में यह भारतीय बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में केवल दो शतक लगा पाया है।

### सीनियर खिलाड़ी अब भी रन बनाने के लिए भूखे

**गौतम** गंभीर ने हाल में खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रहे कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बचाव करते हुए कहा कि यह दोनों सीनियर खिलाड़ी रन बनाने के लिए भूखे हैं और ऑस्ट्रेलिया में दमदार वापसी करेंगे। गंभीर ने इन बातों को भी खारिज कर दिया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में तीनों टेस्ट मैच गंवाने के बाद भारतीय टीम दबाव में है।

## मांजरेकर ने भारतीय कोच पर साधा निशाना, कहा–

# गंभीर को मीडिया से दूर रखें उनका आचरण सही नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कहा-रोहित शर्मा और अजीत अगरकर मीडिया को संभालने के लिए बेहतर होंगे**

गौतम गंभीर पर अप्रत्याशित रूप से तीखा हमला बोलते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने सोमवार को कहा कि भारतीय मुख्य कोच के पास प्रेस से बातचीत करते समय 'सही आचरण और शब्दों' का अभाव है और उन्होंने बीसीसीआई से उन्हें मीडिया से बात करने की जिम्मेदारियों से दूर रखने का आग्रह किया।

मांजरेकर की यह टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की बोर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए प्रस्थान से पूर्व गंभीर की प्रेस कॉन्फ्रेंस के कुछ घंटों बाद आई है।

अपनी बेबाकी के लिए पहचाने जाने वाले गंभीर ने बोर्डर–गावस्कर ट्रॉफी से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा के रन बनाने के लिए संघर्ष करने, कोहली की फॉर्म पर रिकी पोंटिंग की टिप्पणी, भारतीय टीम में बदलाव के दौर और ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम संयोजन पर सवालों के जवाब दिए। मांजरेकर ने 'एक्स' पर लिखा, ''मैंने अभी–अभी गंभीर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में देखा। बीसीसीआई के लिए उन्हें इस तरह की जिम्मेदारियों से दूर रखना समझदारी होगी, उन्हें पर्दे के पीछे से काम करने देना चाहिए।''

मांजरेकर ने सुझाव दिया कि कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर मीडिया को संभालने के लिए बेहतर होंगे। उन्होंने कहा, ''उनके (गंभीर) पास बातचीत करते समय न तो सही व्यवहार है और न ही सही शब्द। रोहित और अगरकर मीडिया के सामने आने के लिए बेहतर लोग हैं।''

हालांकि मांजरेकर ने अपने ट्वीट में यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्हें गंभीर की प्रेस कॉन्फ्रेंस का कौन सा हिस्सा आपत्तिजनक लगा।

विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर से भारत की 12 साल में घरेलू मैदान पर पहली टेस्ट सरीजहार के मद्देनजर कई तीखे सवाल पूछे गए, जिसके परिणामस्वरूप टीम की डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गई है।

# भारत ने मलेशिया को 4–0 से हराया

**एजेंसी, राजगीर ( बिहार )**

युवा स्ट्राइकर संगीता कुमारी के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को मलेशिया को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के पहले मैच में 4–0 से हराया।

भारत के लिए संगीता कुमारी ने 8वें और 55वें मिनट में, प्रीति दुबे ने 43वें और उदिता ने 44वें मिनट में गोल किए। भारत को मंगलवार को दक्षिण कोरिया से खेलना है।

अन्य मैचों में जापान ने कोरिया से 2–2 से ड्रॉ खेला जबकि ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन ने थाईलैंड को 15–0 से हराया।



पहले क्वार्टर में पूरी तरह से भारत का दबदबा रहा हालांकि पहला पेनल्टी कॉर्नर 5वें मिनट में मलेशिया को मिला, लेकिन उस पर गोल नहीं हो सका। इसके बाद भारत ने मलेशियाई डिफेंस को छितर बितर करके लगातार दबाव बनाया। भारत को 8वें मिनट में दो मिनट के भीतर दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और संगीता ने वैरिएशन पर दूसरे प्रयास में गोल दागा। प्रीति दुबे दो बार भारत की बढत दुगुनी करने के करीब पहुंची।

पहले करीब से उनके शॉट को मलेशियाई गोलकीपर ने बचा लिया और पहला क्वार्टर खत्म होने से एक मिनट पहले उनका शॉट साइड पोस्ट से टकरा गया।

पहले क्वार्टर से कुछ सेकंड पहले भारत को मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। भारत ने लगातार आ, ।मक हॉकी खेलना जारी रखा, लेकिन फिनिशिंग टच नहीं दे सके। भारत को दूसरे क्वार्टर में मिले चारों पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए । दूसरे हाफ में भारत ने दो मिनट के भीतर फिर पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिस पर फिर गोल नहीं हो सका। इस बीच मलेशिया को पलटवार में पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय डिफेंस मुस्तैद था । भारत ने 43वें मिनट में नवनीत कौर की फ्लिक पर प्रीति के गोल के दम पर बढत दोगुनी कर ली। एक मिनट बाद उदिता ने भारत के लिए तीसरा गोल किया। भारत को 50वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन अबकी बार उदिता गोल नहीं कर सकी। आखिरी सीटी बजने से पांच मिनट पहले संगीता ने बेहतरीन फील्ड गोल दागा। डीप से पास लेकर वह दो डिफेंडरों को छकाते हुए मलेशियाई सर्कल में घुसी और दमदार रिवर्स शॉट पर गोल दाग दिया।

**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया उद्घाटन:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में नव निर्मित हॉकी स्टेडियम में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी–2024 का उद्घाटन किया। हॉकी इंडिया और बिहार सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह टूर्नामेंट 20 नवंबर तक चलेगा। भारत के अलावा चीन, थाईलैंड, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान की टीम टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं।

## अरविंद चिदंबरम ने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स खिताब जीता

**चेन्नई।** ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने आखिरी दो क्लासिकल दौर में शानदार प्रदर्शन करके चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स खिताब जीत लिया जबकि ग्रैंडमास्टर वी प्रणव पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहकर चैलेंजर्स खिताब के हकदार बने।

मास्टर्स वर्ग में शीर्ष स्थान के लिए त्रिकोणीय मुकाबला था, जिसमें अरविंद ने ग्रैंडमास्टर लेवोन आरोनियन को पहले ब्लिट्ज प्लेऑफ में हराया। इसके बाद काले मोहरों से खेलते हुए दूसरा मुकाबला ड्रॉ खेला।

उन्होंने परहम एम के खिलाफ अगला मुकाबला जीता जबकि कल रात शीर्ष पर काबिज ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी और लेवोन आरोनियन ने ड्रॉ खेला।

आरोनियन ने ग्रैंडमास्टर अमीन टाबाटाबाइ से ड्रॉ खेला जबकि अर्जुन ने ग्रैंडमास्टर मैक्सिक वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ पर सहमति जताई। अरविंद टाइब्रेक में बेहतर स्कोर के आधार पर शीर्ष पर हैं जबकि आरोनियन और अर्जुन ने दो गेम का ब्लिट्ज प्लेआफ खेला और दोनों विजयी रहे जिससे सडन डैथ तक मुकाबला पहुंचा।

## भारत के इनकार पर आईसीसी से सफाई मांगेगा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड

**एजेंसी, कराची**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी )चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर आईसीसी से स्पष्टीकरण मांगेगा क्योंकि उसे सिर्फ बताया गया है कि भारतीय टीम टूर्नामेंट के लिए नहीं आएगी लेकिन हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव पर कोई जानकारी नहीं दी गई है।



पीसीबी को आईसीसी ने बताया है कि बीसीसीआई अगले साल फरवरी में होने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा। बीसीसीआई ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इसकी जानकारी दी। पीसीबी के एक जानकार सूत्र ने कहा ,'' चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल पर कराने को लेकर कोई बात नहीं हुई है।'' पिछले साल एशिया कप में हाइब्रिड मॉडल अपनाया गया था जब भारत के मैच श्रीलंका में और बाकी सारे मैच पाकिस्तान में हुए थे। ऐसी अटकलें हैं कि भारत के मैच दुबई में हो सकते हैं।

सूत्र ने कहा ,'' पीसीबी अपने कानूनी सलाहकारों से बात करके आईसीसी को ईमेल भेजेगा जिसमें भारत के फैसले पर स्पष्टीकरण मांगा जायेगा । पीसीबी मशविरे और जरूरत पड़ने पर निर्देशों के लिये सरकार के संपर्क में है।''

सूत्र ने यह भी कहा कि अगर पाकिस्तान सरकार भारत से क्रिकेट संबंधों पर कठोर फैसला लेती है तो आईसीसी के लिए इसके कानूनी नतीजे हो सकते हैं।

## किक बॉक्सरों ने झटके 9 गोल्ड सहित 17 पदक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में सरकाघाट के 11 खिलाड़ियों ने लिया भाग, जिन्होंने 9 गोल्ड सहित 17 पदक जीते।

सुंदरनगर के महादेव मंदिर में 10 नवंबर को जिला किक बॉक्सिंग संघ द्वारा जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें जिला भर के 5 क्लबों के लगभग 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें मार्शल आर्ट सरकाघाट के अंतरराष्ट्रीय रेफरी व हिमाचल कोच मोहित राणा की 11 सदस्यीय टीम ने भाग लिया, जिसमें 7 साल में जुबेल ने प्वाइंट फाइट में गोल्ड मेडल, 8 साल में मन्नत ने प्वाइंट फाइट में कांस्य, शौर्य शर्मा ने प्वाइंट फाइट व म्यूजिकल फॉर्म में 2 गोल्ड, अरमान मोहमद ने प्वाइंट फाइट में गोल्ड मेडल हासिल किया। 12 साल में आयुष ठाकुर ने प्वाइंट फाइट में गोल्ड व म्यूजिकल फॉर्म और लाइट कॉन्टैक्ट में दो रजत पदक, रणवीर वर्मा ने प्वाइंट फाइट में रजत पदक व सीरत ने प्वाइंट फाइट में रजत व श्रेया ने कांस्य पदक हासिल किया। 17 साल में पूनम ने म्यूजिकल फॉर्म में गोल्ड मेडल व प्वाइंट फाइट व लाइट कांटेक्ट में रजत पदक और दिव्यांश जसवाल ने एक गोल्ड व सिल्वर मेडल और दिव्यम ने भी एक गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल हासिल किया।



जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी सामूहिक चित्र में

मोहित राणा ने बताया कि मार्शल आर्ट सरकाघाट पिछले पांच वर्षों से किकबॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेता आ रहा है और राष्ट्रीय स्तर के मेडलिस्ट भी निकल चुका है।

सरकाघाट में बच्चों के लिए इंडोर मार्शल आर्ट एकेडमी खेलों में क्षेत्र के एक उत्कृष्ट उदाहरण स्थापित कर युवाओं को खेलों के उच्चतम मुकाम पर पहुंचने के लिए कार्य कर रही है।

## निशानेबाजी

### भारत ने प्रतियोगिता में अब तक एक स्वर्ण सहित नौ पदक जीते

# ऐश्वर्य, सामरा ने किया निराश, रमेशभाई ने जीता रजत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और सिफ्त कौर सामरा प्रभाव छोड़ने में विफल रहे, जबकि कम लोकप्रिय एस. रमेशभाई मोराडिया ने सोमवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में रजत पदक जीता।

रमेशभाई सोमवार को पदक जीतने वाले इकलौते भारतीय रहे। ओलंपियन तोमर इस स्पर्धा में 5वें स्थान पर रहे, जबकि पेरिस खेलों में भाग लेने वाली सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री–पोजिशन स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं।



एस. रमेशभाई मोराडिया

गुजरात के रमेशभाई बेहद मामूली अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गये। वह फाइनल में 252.1 अंक हासिल कर चेक गणराज्य के जिरी प्रिवरात्स्की से केवल 0.1 अंक पीछे रहे। यह प्रिवरात्स्की का इस प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने रविवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री–पोजीशन में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। ऐश्वर्य 187.7 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि एक अन्य भारतीय उमामहेश मद्दिनेनी (208.8) चौथे स्थान पर रहे। इससे पहले क्वालिफिकेशन दौर में रमेशभाई ने 630.0 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर थे। उमामहेश और ऐश्वर्य ने 629.8 और 628.3 का स्कोर करके क्रमश: तीसरे और पांचवें स्थान के साथ आठ निशानेबाजों के फाइनल में प्रवेश किया था।

सामरा का पदक से चूकना भारत के लिए बड़ी निराशा रही। वह 50 मीटर राइफल में देश की सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों में शामिल है। वह 439.6 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। फ्रांस की अगाथे गिरार्ड (462.3) ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जबकि पोलैंड की जूलिया पियोट्रोस्का (462.0) और अन्ना जानसेन (450.2) ने ,मश: रजत और कांस्य पदक जीता। सामरा इससे पहले क्वालीफिकेशन में 587 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर थी।

भारत ने इस प्रतियोगिता में अब तक एक स्वर्ण सहित नौ पदक जीते है।

'मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज' की मेजबानी में आयोजित हो रही इस चैंपियनशिप में 23 देशों के 220 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं।

## कुमामोतो मास्टर्स जापान में फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे सिंधू और लक्ष्य

**एजेंसी, कुमामोतो ( जापान )**

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर–500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए फॉर्म में लौटने का प्रयास करेंगे।

इन दोनों खिलाड़ियों को पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। सिंधू डेनमार्क ओपन सुपर–750 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी, लेकिन लक्ष्य सेन आर्कटिक ओपन सुपर–500 और डेनमार्क ओपन दोनों में जल्दी बाहर हो गए थे।

इन असफलताओं के बावजूद सिंधू को विश्वास है कि अपने नए कोच अनुप श्रीधर और कोरिया के दिग्गज ली स्युन इल के साथ मिलकर काम करने से वह बेहतर परिणाम हासिल करेंगी। जापान ओपन के पहले दौर में सिंधू का मुकाबला थाईलैंड की 8वीं वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा। लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका अगला मुकाबला इंडोनेशिया के 8वीं वरीयता प्राप्त एंथोनी गिंटिंग से हो सकता है।



पीवी सिंधू

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी भी इस टूर्नामेंट में अपनी चुनौती देश करेंगी।